दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



यमी पेस्ट्री ......

सॉरी दादा जी ...

वर्ष : 12 | अंक : 72 | लखनऊ, 07 मार्च, शनिवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

## एथलेटिक्स ट्रैक से लैस होंगे ग्रामीण स्टेडियम विकास खंडों 30 परियोजनाएं निमार्णाधीन



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सभी विकास खंडों में ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम चल रहा है। इन स्टेडियमों में मल्टीपरपज हॉल, कम से कम 200 मीटर का एथलेटिक्स ट्रैक तथा विभिन्न आउटडोर खेलों के लिए मैदान विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करीब 30 परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं।

प्रदेश सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक विकास खंड में एक ग्रामीण स्टेडियम और ओपन जिम की स्थापना की जा रही है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को अपने ही क्षेत्र में खेल प्रशिक्षण, नियमित अभ्यास और प्रतियोगिताओं की बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि गांव-गांव में खेल संस्कृति विकसित हो और ग्रामीण प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करें। यह पहल ग्रामीण युवाओं को आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

सरकार का लक्ष्य खेल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है। इसी दृष्टि से प्रदेश के स्पोर्ट्स कॉलेजों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है। इसके लिए संबंधित प्रस्ताव जल्द ही खेल विभाग को उपलब्ध कराए जाएंगे।

साथ ही स्पोर्ट्स कॉलेजों को स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी से संबद्ध करने की भी योजना है, जिससे खिलाड़ियों को सुव्यवस्थित ढांचे में उन्नत प्रशिक्षण और आधुनिक खेल सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द उत्तर प्रदेश खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा है कि खिलाड़ियों के विकास और खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए उपलब्ध धनराशि का उपयोग खेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं के आयोजन और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन में प्रभावी रूप से किया जाए।

साथ ही विकास खंड स्तर पर निमार्णाधीन ग्रामीण स्टेडियमों का कार्य निर्धारित मानकों और गुणवत्ता के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाए तथा प्रत्येक स्टेडियम में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से खेल प्रशिक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। प्रदेश के गांवों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन संसाधनों और उचित मंच के अभाव में कई प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पातीं।

ग्रामीण स्टेडियम बनने से खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, स्थानीय टूनार्मेंट और प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं तक अपनी पहुंच बना सकेंगे। प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार खेल अवसंरचना का विस्तार कर रही है।

इसके तहत विभिन्न जिलों में स्टेडियम, मिनी स्टेडियम और खेल मैदानों का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही फुटबॉल सहित अन्य खेलों के लिए भी बड़े पैमाने पर मैदान विकसित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में खेल संस्कृति को और मजबूती मिले। ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे फिटनेस के प्रति अधिक जागरूक होंगे। इसके साथ ही खेल प्रशिक्षकों, प्रतियोगिताओं के आयोजन और अन्य गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# मुख्यमंत्री का आगरा- मथुरा दौरा आज

## विकास कार्यों और धार्मिक परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को ताजनगरी आगरा और धर्मनगरी मथुरा के महत्वपूर्ण दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी सौगात देने के साथ-साथ ब्रज क्षेत्र के विकास कार्यों और धार्मिक परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री योगी अपने दौरे की शुरूआत आगरा से करेंगे। वह सुबह करीब 10 बजे आगरा पहुंचेंगे।

फतेहाबाद रोड स्थित होटल अमर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वह राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर स्थित यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करेंगे। 250 बेड वाला यह टर्शियरी केयर अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से लैस है। यहां हृदय रोग, न्यूरोसर्जरी, लिवर व किडनी ट्रांसप्लांट और क्रिटिकल केयर जैसी जटिल सर्जरी की सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। बेहतरीन नर्सिंग और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ यह अस्पताल आगरा और आसपास के जिलों के लिए स्वास्थ्य सेवा का नया केंद्र बनेगा। आगरा के कार्यक्रम के पश्चात सीएम योगी मथुरा के लिए प्रस्थान करेंगे। यहां वे यमुना एक्सप्रेस-वे के क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेंगे। करीब एक घंटे चलने वाली इस बैठक में मथुरा- वृंदावन में चल रही विकास परियोजनाओं, सौंदर्यीकरण कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया जाएगा। विकास कार्यों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी मथुरा-वृंदावन मार्ग पर जयपुर मंदिर के पास स्थित अन्नपूर्णा रसोई पहुंचेंगे।

### ● योगी यथार्थ अस्पताल का करेंगे उद्घाटन

ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा निर्मित इस दो मंजिला इमारत में 'मंगलमय परिवार न्यास' के सहयोग से श्रद्धालुओं को निःशुल्क सात्विक भोजन और प्रसाद वितरित किया जाता है। सीएम योगी यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का निरीक्षण करेंगे।

दौरे के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री कृष्ण जन्मभूमि पहुंचेंगे, जहां वे गर्भगृह व केशव देव मंदिर में विधि- विधान से दर्शन- पूजन करेंगे। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात शाम करीब 5 बजे मुख्यमंत्री राजकीय हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### जशपुर में पलटी बस 5 की मौत, 20 घायल

**जशपुर।** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 4 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। कलेक्टर ने घटना की पुष्टि की है।



### 'कर्जमाफी' व 'लाडकी बहिण' जारी रहेगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कई अहम घोषणाएं की हैं। बजट सत्रऔर अन्य चर्चाओं के दौरान सीएम ने विधानसभा के अंदर कई बड़े ऐलान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडकी बहिण योजना लगातार जारी रहेगी। पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। फिलहाल सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।



### रत्नागिरी में विस्फोट 11 लोग घायल

**रत्नागिरी।** महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में शुक्रवार को एक रासायन कारखाने में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। घटना मुंबई से करीब 250 किमी दूर लोटे परशुराम एमआईडीसी स्थित डॉ. खान इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स इकाई में हुई। घायलों में ज्यादातर मजदूर हैं। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### भरे बाजार में फायरिंग मोगा सरपंच की हत्या

**मोगा।** यहां के बाघापुराना में अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव पत्तो हीरा सिंह के मौजूदा सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार को हुई। मृतक की पहचान हरपिंदर सिंह हैप्पी के रूप में हुई है। हरपिंदर बाघापुराना-कोटकपूरा रोड स्थित सूजन जिम के संचालक भी थे।



## ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री शाह

# 'बल' ने औद्योगिक विकास, देश की अर्थव्यवस्था को दी मजबूती, 31 तक रेड कारिडोर होगा खत्म

### केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को सराहा



राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों (कामरूप, नासिक और सीहोर) का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों (राजरहाट और दिल्ली) का लोकार्पण किया।

समारोह में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, सीआईएसएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने बल, त्याग और समर्पण की इस यात्रा को औद्योगिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ा। गृह मंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास को सुरक्षित बनाने के लिए सीआईएसएफ की भूमिका अहम है और देश के हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़ी औद्योगिक इकाइयां इसकी सुरक्षा पर निर्भर हैं।

## *उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों का किया लोकार्पण*

### नक्सलवाद से मुक्त करने में अहम भूमिका

प्रधानमंत्री के लक्ष्य के तहत 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआईएसएफ अहम भूमिका निभा रहा है। गृह मंत्री ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सीआईएसएफ नक्सलरोधी अभियानों में सक्रिय रहा है और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर के स्वप्न देखने वालों को पूरी तरह परास्त किया जाएगा।

### सीआईएसएफ की उपलब्धियां और नई जिम्मेदारियां



कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

शाह ने बताया कि सीआईएसएफ अब भारत के 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है। ड्रोन सुरक्षा में भी इसे नोडल एजेंसी बनाया गया है। सीआईएसएफ निजी औद्योगिक समूहों को भी हाइब्रिड मोड में सुरक्षा प्रदान करेगा।

### 13,693 पदक दिए गए

शाह ने सीआईएसएफकर्मियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 पदक प्राप्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसओफ ने हमेशा अपने कर्तव्यों में उत्कृष्टता दिखाई है और देश की सुरक्षा में मिसाल कायम की है।

### भविष्य की योजनाएं और प्रधानमंत्री के लक्ष्य

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक देश को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने और 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में सीआईएसएफ एक कैटलिस्ट की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक सुरक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राष्ट्र के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम**

शाह ने कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो तिरुपति से पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

## शाह का ऐलान- नक्सलवाद का खात्मा तय

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद खत्म करने को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। कटक में आयोजित सीआईएसएफ के 57वें स्थापना दिवस समारोह में संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन नक्सली समूहों को पूरी तरह परास्त कर देंगे, जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक फैले तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी। शाह बोले कि मैं सभी नागरिकों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च तक यह देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। हमारे सुरक्षा बल उन लोगों को पूरी तरह हरा देंगे जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर पर कब्जा किया था।

## जेडीयू की बैठक में बड़ा खुलासा

# नीतीश के पुत्र निशांत करेंगे राजनीति, कल होगा ऐलान



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सियासत में आने को लेकर चर्चा लंबे समय से चल रही है। चुनाव से पहले भी निशांत के सियासी आगाज को लेकर कयासों का लंबा दौर चला था। अब नीतीश ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है और उनका दिल्ली की सियासत में जाना तय हो चुका है। यहां के सियासी हलकों में निशांत का नाम फिर से चर्चा का विषय बन गया है। नीतीश के सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब निशांत कुमार का नाम डिप्टी सीएम की रेस में बताया जा रहा है। निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी करीब तय हो चुकी है। शुक्रवार को पटना में जेडीयू नेताओं, विधायकों की बैठक में भी निशांत के राजनीति में आने की मांग उठी। इस पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आएंगे।

### 8 मार्च को लेंगे पार्टी की सदस्यता

झा ने इसी मीटिंग में निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी बताई। उन्होंने यह भी कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता औपचारिक रूप से ले सकते हैं। निशांत 8 मार्च को शाम तीन बजे जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक में विधायक नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से मायूस नजर आए। मीटिंग के दौरान कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी। विधायकों ने सीएम नीतीश से राज्यसभा जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। सीएम नीतीश कुमार ने विधायकों को भरोसा दिया कि हम राज्यसभा जा रहे हैं, लेकिन बिहार आएंगे ही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। चिंता मत करिए।

### भावुक हुए कई विधायक, मैं हूं न, काम कीजिए

मुख्यमंत्री आवास 1 अणे मार्ग पर जेडीयू नेताओं की अहम बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देखते ही कई विधायक और नेता भावुक हो गए। जैसे ही नीतीश बैठक कक्ष में पहुंचे, वहां मौजूद सभी नेताओं ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी हाथ जोड़कर सभी नेताओं का अभिवादन किया। बताया जा रहा है कि माहौल काफी भावुक हो गया और कई नेता अपनी भावनाएं छिपा नहीं सके। नीतीश ने कहा कि मैं राज्यसभा जा रहा हूं। आपलोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। हम बिहार भी रहेंगे सब काम होते रहेगा, कोई चिंता मत कीजिए।

## आंध्र के मुख्यमंत्री का ऐलान

# तीसरा बच्चा होने पर सरकार देगी 25,000 रुपए, मुफ्त शिक्षा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राज्य में गिरती प्रजनन दर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने विधानसभा में जनसंख्या प्रबंधन नीति का प्रस्ताव भी रखा था। अब इस नीति के तहत सरकार खुले तौर पर लोगों को तीसरे बच्चे के जन्म के लिए प्रोत्साहित करने की तैयारी कर रही है। माता-पिता को अतिरिक्त अवकाश और महिलाओं के लिए कई अन्य सुविधाएं देने की भी बात कही जा रही है। राज्य सरकार ने जनसंख्या बढ़ाने के उद्देश्य से पोषण, शिक्षा और सुरक्षा पैकेज की शुरुआत की है। इसके तहत अगर कोई परिवार तीसरे बच्चे को जन्म देता है तो उसे 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा तीसरे बच्चे को पांच साल तक हर महीने एक हजार रुपए सीधे खाते में दिए जाएंगे। वहीं, बच्चे के 18 साल की उम्र तक मुफ्त शिक्षा की गारंटी भी दी जाएगी।

## जैसलमेर में चादर महोत्सव में भागवत

# समाज बंटेंगे तो होते रहेंगे हमले आंतरिक एकता को बनाए रखें

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दौरान एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध और कलह इसलिए नहीं थम रहे क्योंकि हम अपनी आंतरिक एकता को भूल चुके हैं। जब तक हम स्वार्थ को त्याग कर एक मजबूत समाज के रूप में खड़े नहीं होंगे तब तक सच्ची शांति नहीं आएगी। भागवत ने कहा कि समाज अपनी एकता को नहीं पहचाना इसलिए दुनिया भर में कलह जारी है। लोग मन की करूणा भूल गए हैं। लोग इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन सब एक हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जब पहला महायुद्ध हुआ तो दोबारा जंग न हो इसके लिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना की गई लेकिन वह भी नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हो गया। आज संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी है। युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा पर बोले राहुल

# अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति, अंतरराष्ट्रीय संबंध', आज असहमति पर की जा रही हिंसा

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा की 100वीं वर्षगांठ पर जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने श्री नारायण गुरुदेवन से मुलाकात की थी। राहुल ने कहा कि संविधान में क्षमा है, नारायण गुरुजी में क्षमा है। वर्तमान में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध ज्ञान से दूर, अंधकार की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता।

### इस दौरान छात्रों से संवाद भी किया

**हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल**



आज दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता, बस बम गिराकर मार डाला जाता है। हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या हिंसक हो जाते हैं।

**राजनीति अप्रिय काम**

छात्रों से बात करते हुए राहुल ने कहा कि आप राजनीति में आना चाहते हैं, तो यह एक अप्रिय काम है। यह बहुत मुश्किल काम है।

# होली केवल उत्सव नहीं, मजबूत राष्ट्र के निर्माण का संकल्प भी : डॉ. राजेश्वर सिंह

## सरोजनीनगर परिवार संग तीन घंटे तक होली के रंगों में रमे विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



आशियाना, लखनऊ। आशियाना स्थित विधायक आवास पर आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आत्मीय एवं स्नेहपूर्ण आगमन हुआ। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर सभी का स्वागत किया और सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि होली का यह पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। करीब तीन घंटे तक चले इस होली मिलन समारोह में हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने सभी आगंतुकों का सहृदय आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्नेहपूर्ण सहभाग इस बात का प्रतीक है कि सरोजनीनगर परिवार आपसी प्रेम और विश्वास की मजबूत डोर से जुड़ा हुआ है। होली के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जिसमें विविधता में एकता हमारी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार होली के विभिन्न रंग मिलकर उत्सव की सुंदरता बढ़ाते हैं, उसी प्रकार समाज की विविधता ही भारत की वास्तविक खूबसूरती है और यही विविधता भारत को विश्व में विशिष्ट बनाती है। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों के नए रंग भर दे तथा हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। उन्होंने यह भी कहा कि आज जब विश्व के कई हिस्सों में असुरक्षा और युद्ध का वातावरण दिखाई देता है, ऐसे समय में भारत में शांति, उत्सव और सामाजिक सौहार्द का वातावरण हमारे मजबूत सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सरोजनीनगर क्षेत्र के लोगों के प्रति अपने स्नेह को व्यक्त करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि सरोजनीनगर परिवार का आपसी अपनापन, सौहार्द और मुस्कुराहट ही इसकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि यही प्रेम और विश्वास वह शक्ति है समाज को जोड़कर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सरोजनीनगर क्षेत्र से आए सभी परिवारजनों का डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा हार्दिक स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया गया। होली के इस अवसर को संकल्प के पर्व के रूप में बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि होली का यह पावन दिन केवल उत्सव का ही नहीं बल्कि संकल्प का भी दिन है। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम सभी मिलकर अपने राष्ट्र को और अधिक मजबूत बनाएंगे तथा भारत को विश्व की अग्रणी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में भारत माता की जय और हर हर महादेव के जयघोष के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# लखनऊ में साइबर ठगों ने रिटायर्ड कमिश्नर और शिक्षिका को बनाया शिकार, लगाई 1.94 करोड़ की चपत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शेयर ट्रेडिंग में निवेश और पॉलिसी पर मैच्योरिटी दिलाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने सीजीएसटी के सेवानिवृत्त कमिश्नर व शिक्षिका से 1.94 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। चिनहट की महिला से 18 बार में 1.67 करोड़ से अधिक रुपये लिए गए तो राजाजीपुरम के बुजुर्ग से तमाम मदों के नाम पर 26 लाख से अधिक रकम ट्रांसफर करायी गई। साइबर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। चिनहट के कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी 75 वर्षीय अध्यापिका गीता कुमार ने बताया कि नवंबर 2025 में व्हाट्सएप पर मैसेज आया, जिसमें नाका सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने पर मुनाफे की बात कही गई। संपर्क करने पर जालसाज ने लिंक भेजकर रजिस्ट्रेशन कराया। पीड़िता ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्रों में वंचित बच्चों के लिए एक स्कूल का विस्तार करने के उद्देश्य से निवेश के लिए हामी भर दी। जालसाजों ने कंपनी को यूके की बताया। इसके बाद कई केवाईसी फार्म व क्रेडिट एग्रीमेंट भेजे गए। निवेश, टैक्स व निवेश का बीमा के नाम पर जालसाजों ने उकसाया। जाल में फंसाकर पीड़िता से दस नवंबर से 24 फरवरी तक 18 बार में 1.67 करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। मांग बढ़ने पर पीड़िता ने खाते में रुपये नहीं होने की बात कही तो आरोपितों ने कैश मांगा। इसपर गीता का माथा ठनका। पड़ताल की तो ठगी का पता चला। उन्होंने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं, राजाजीपुरम सी-ब्लॉक निवासी वंदना सेंसिल ने बताया कि पिता राजेंद्र कुमार सेंसिल सेंट्रल एक्साइज में कमिश्नर पद से रिटायर्ड हैं। पिता की मैक्स लाइफ इंश्योरेंस में मल्टीपल इंश्योरेंस पॉलिसी थी। 13 जनवरी को पिता के मोबाइल पर एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने अपना परिचय जीबीआइसी डिपार्टमेंट से अतुल मेहरा बताया। कहा कि उनका विभाग सरकारी है, जो इंश्योरेंस से संबंधित ग्रीवेंस के समाधान का काम करता है। पिता ने पहले ऑनलाइन ग्रीवेंस अप्लाई किया था। लिहाजा बुजुर्ग राजेंद्र जाल में फंस गए। जालसाज ने कहा कि आपकी मल्टीपल पॉलिसी की मैच्योरिटी 1.30 करोड़ है। क्लेम के लिए स्टांप ड्यूटी, सर्विस चार्ज समेत तमाम मदों के नाम पर 26 लाख रुपये ऐंठ लिए।

# श्रीकृष्ण ध्वज यात्रा व मनमोहक झांकियों ने बांधा समां रोजेदारों ने किया स्वागत, दिखी गंगा-जमुनी तहजीब...

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। निगोहां क्षेत्र में शुक्रवार को धार्मिक आस्था और आपसी सौहार्द का अनोखा संगम देखने को मिला जब श्रीकृष्ण रासलीला के शुभारंभ के अवसर पर भव्य श्रीकृष्ण ध्वज यात्रा निकाली गई मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला 'विंध्येश्वरी' और भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला 'विंध्येश्वरी' के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण राधा शिव-पार्वती और अन्य देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां सजाई गईं जिन्होंने रास्ते भर लोगों का मन मोह लिया। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा ध्वज यात्रा का शुभारंभ निगोहां के बाजपेयी खेड़ा स्थित बिंधेश्वरी धाम से विधि-विधान के साथ हुआ इसके बाद यात्रा दयालपुर भद्दी सिर्ष मदापुर मस्तीपुर भावाखेड़ा होते हुए निगोहां कस्बे पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया जब ध्वज यात्रा नगराम मोड़ चौराहे पर पहुंची तो वहां मौजूद सैकड़ों लोगों ने फूल बरसाकर और आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया इस दौरान मुकेश द्विवेदी, विमल सिंह, मुकेश मिश्रा, सत्येंद्र, दिलीप मिश्रा समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे रोजेदारों ने किया स्वागत भाईचारे की बनी मिसाल ध्वज यात्रा के दौरान उस समय भावुक दृश्य देखने को मिला जब निगोहां के नगराम मोड़ चौराहे पर मुस्लिम समाज के दर्जनों रोजेदारों ने यात्रा का फूल-मालाओं से स्वागत किया और गले मिलकर शुभकामनाएं दींरोजेदारों ने कड़ी धूप में खड़े होकर



श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। जिससे क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर रघुनाथखेड़ा के पूर्व प्रधान गुलाम गौस, मदारीखेड़ा के सफात अहमद, अकील अहमद, पीर मोहम्मद, मोहम्मद कल्लू सहित कई रोजेदार मौजूद रहे। ध्वज यात्रा निगोहां गांव से होते हुए हरकुंवर खेड़ा रघुनाथ खेड़ा बाबूखेड़ा अहिनवार राती नीलकंठ खेड़ा बैरी मंगटैया सिंसेंडी गौतम खेड़ा जबरौली और दयालपुर सहित कई गांवों से होकर गुजरी जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण के जयकारों के साथ यात्रा का स्वागत किया। बाइक कार और बग्घियों के काफिले के साथ निकली इस यात्रा में क्षेत्र के युवाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।ब्लॉक प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ला 'विंध्येश्वरी' और भाजपा नेता अभिषेक शुक्ला ने बताया कि निगोहां क्षेत्र के बाजपेयी खेड़ा में वृंदावन के कलाकारों द्वारा श्रीकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन 7 मार्च से 14 मार्च तक किया जाएगा प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक रासलीला का मंचन होगा आयोजन की पूणार्हुति 14 मार्च को विशाल भंडारे के साथ की जाएगी जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इस अवसर पर मुकेश मिश्रा योगेश बाजपेई विमल सिंह, राघवेंद्र सिंह, संतोष त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी अंकुर त्रिवेदी अजय मिश्रा, अंशुल त्रिवेदी असित मिश्रा धीरेन्द्र दीक्षित गुड्डू सिंह केशव त्रिवेदी रिंकू शुक्ला रिंकू गुप्ता सचिन शुक्ल बब्बू गुप्ता नीशू मिश्रा पंकज द्विवेदी अनुज त्रिवेदी रोहित तिवारी दिनेश यादव गोलू यादव अन्नू सिंह अर्पित मिश्रा शिवा त्रिवेदी बन्नू गुप्ता लोकेश बाजपेई पंकज मिश्रा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। विंध्येश्वरी परिवार से ओमप्रकाश शुक्ला, सोनू विंध्येश्वरी अभिषेक शुक्ला, मोनू विंध्येश्वरी, देवांश शुक्ला समेत कई लोग आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे

# भक्ति के रंग में डूबा रहीमाबाद, कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ श्रीराम महायज्ञ

अमन लेखनी समाचार



शोभा यात्रा में शामिल लोग

लखनऊ। रहीमाबाद क्षेत्र में शुक्रवार को आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री ठाकुर जी महाराज धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट की ओर से राम जानकी मंदिर में आयोजित श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं श्रीराम महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हुई। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी से पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा में पीले और केसरिया वस्त्रों में सजी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मां बाराही देवी मंदिर क्षेत्र का भ्रमण किया। बैंड-बाजों और भक्ति भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते आगे बढ़ते रहे। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा मार्ग गूंज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह आस्था और उल्लास से भर गया। शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। रास्ते भर भक्तों की भीड़ और भक्ति गीतों की गूंज से माहौल अत्यंत भावपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर कथावाचक आचार्य राम जी रामदास, आचार्य सुनील मिश्र, अक्षत तिवारी, सांस्कृतिक गौरव संस्थान के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन, दुर्गेश प्रताप सिंह और हरिशंकर शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार सात दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत प्राण प्रतिष्ठा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है, जो 13 मार्च तक चलेगा।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा- नारी जब अपनी शक्ति पहचान लेती है तो बन जाती है नारायणी

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता बढ़ाना ही बाल विवाह व दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। नारी स्वयं प्रेरणा का स्वरूप है और जब वह अपनी क्षमता पहचान लेती है तो ह्यनारायणीह्न बन जाती है। उन्होंने बाल विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों को खत्म करने के लिए महिलाओं में शिक्षा और जागरूकता को जरूरी बताया। जन भवन में कर्नाटक और त्रिपुरा के 21 सदस्यीय मीडिया प्रतिनिधिमंडल से संवाद के दौरान उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण, टीबी उन्मूलन और सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान समेत कई विषयों पर चर्चा की। केजी टू पीजी शिक्षा की अवधारणा पर जोर देते हुए कहा कि तीन वर्ष के सभी बच्चों का आंगनबाड़ी में और छह वर्ष के बच्चों का कक्षा एक में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# रहीमाबाद पुलिस ने मंदबुद्धि व्यक्ति को परिवार से मिलाया, लौटाई खुशियां



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रहीमाबाद के पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक मंदबुद्धि युवक को उसके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया। गुरुवार देर रात जमोलिया गांव में एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में इधर-उधर घूमता मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे सुरक्षित थाने ले आई। थाने पर पूछताछ के दौरान युवक अपनी स्पष्ट पहचान नहीं बता पा रहा था। पुलिसकर्मियों ने धैर्यपूर्वक उससे बातचीत कर जानकारी जुटाने का प्रयास किया। काफी देर बाद युवक ने अपना नाम राकेश कुमार बताया। इसके आधार पर पुलिस ने दूरभाष के माध्यम से हरदोई पुलिस से संपर्क कर जानकारी साझा की। पुलिस जांच में पता चला कि राकेश कुमार हरदोई जनपद के मधौगंज थाना क्षेत्र के सेवड़ई गांव के रहने वाले हैं। सूचना मिलने पर उनके भाई चेतराम शुक्रवार दोपहर रहीमाबाद थाने पहुंचे और युवक की पहचान अपने भाई के रूप में की। पहचान की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर राकेश कुमार को उनके भाई के सुपुर्द कर दिया। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि युवक को सकुशल उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। भाई को सुरक्षित पाकर परिजनों ने रहीमाबाद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात नकदी की चोरी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज क्षेत्र के डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के पीछे स्थित एक कॉलोनी में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के जेवरात नकदी सहित महत्वपूर्ण कागजात ले उड़े। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर मालिक को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके निरीक्षण करजांच-पड़ताल शुरू कर दी जानकारी के अनुसार मूल रूप से कानपुर देहात के जैनपुर निवासी विशेष यादव वर्तमान में अपने मौसा शैलेंद्र यादव के मकान में डॉन बॉस्को इंस्टीट्यूट के पीछे वाली बिल्डिंग के पास रहते है।

### विशेष एक निजी अस्पताल में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत



पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पिछले चार दिनों से घर पर नहीं थे इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और करीब दस हजार रुपये नकद उठा ले गए इसके अलावा घर में रखी मकान की रजिस्ट्री समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी चोरी कर लिए पीड़ित के मुताबिक चोर घर के लगभग हर दरवाजे का ताला तोड़कर सामान खंगालते रहे यहां तक कि घर में रखी आधी बोरी ड्राई फ्रूट भी उठा ले गए घटना के बाद घर का सामान बिखरा पड़ा मिला। सुबह जब पड़ोसियों ने मकान का टूटा ताला देखा तो उन्होंने तुरंत फोन कर विशेष यादव को सूचना दी।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी।

इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और संदिग्धों की तलाश की जा रही उन्होंने बताया कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

वहीं घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में पुलिस गश्त काफी कमजोर जिसके चलते चोर बेखौफ होकर बंद घरों को निशाना बना रहे।

# टैंकर की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक की मौत, मुकदमा दर्ज

हादसा

अमन लेखनी समाचार



मृतक विशाल फाइल – फोटो

लखनऊ। होली मिलकर वापस लौट रहे बाइक सवार मैकेनिक को टैंकर ने मारी जोरदार टक्कर जिससे युवक उछलकर सड़क पर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी विशाल शर्मा (23) बीती बृहस्पतिवार रात रूदान खेड़ा गांव से होली मिलकर वापस अपने घर लौट रहे थे। तभी रुदान खेड़ा गांव के बाहर माल अतरौली मार्ग पर टैंकर ने पीछेसे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार उछलकर दूर सड़क पर जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता सुरेंद्र, माता उर्मिला, भाई अभिमान और दो बहने हैं जिनका रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि पिता की तहरीर के आधार पर टक्कर मारकर भाग रहे वाहन को कब्जे में लेकर गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

# इलाज के दौरान विवाहिता की मौत , अस्पताल छोड़कर भागे डॉक्टर

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन योजना में एक निजी अस्पताल की बड़ी लापरवाही सामने आई है। डिलीवरी के बाद महिला को मृत घोषित कर परिजनों से डेथ सर्टिफिकेट पर साइन करा लिया गया, लेकिन जब परिजनों ने हंगामा किया तो अस्पताल के कउव से महिला जिंदा मिली। बाद में उसे गंभीर हालत में रेफर किया गया, जहां करीब 6 घंटे बाद उसकी मौत हो गई।

मामला वृंदावन योजना स्थित कृष्णा लाइफ लाइन हॉस्पिटल का है। मृतका की पहचान नगराम के इस्माइल नगर निवासी चांदनी कुमारी (22) पत्नी आशु रावत के रूप में हुई है। गुरुवार को उसने ऑपरेशन के जरिए बेटे को जन्म दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे ड्ऋटव में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### डिलीवरी के बाद बिगड़ी हालत

परिजनों के अनुसार गुरुवार सुबह चांदनी को प्रसव पीड़ा हुई। दोपहर करीब 12 बजे उसे कृष्णा लाइफ लाइन अस्पताल में भर्ती कराया गया। शाम करीब 7 बजे ऑपरेशन के जरिए उसने बेटे को जन्म दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए कउव में भर्ती कर लिया।

### बार-बार जमा कराए गए पैसे

महिला के ससुर अनिल कुमार ने बताया कि कउव में भर्ती करने के बाद अस्पताल प्रशासन इलाज के नाम पर लगातार पैसे जमा कराता रहा। पहले 15 हजार, फिर 18,500 और उसके बाद 25 हजार रुपए जमा कराए गए। परिजनों से खून लेकर रात भर चढ़ाया जाता रहा।

### डेथ सर्टिफिकेट पर करवा लिया साइन

महिला के भाई दिनेश के मुताबिक शुक्रवार सुबह डॉक्टरों ने 8 यूनिट खून की जरूरत बताई। इसके लिए 8 लोगों को बुलाया गया। इसी बीच अस्पताल



स्टाफ अलग-अलग बातें बताकर परिजनों को गुमराह करता रहा और बाद में मरीज की मौत होने की जानकारी दी। इसके बाद डेथ सर्टिफिकेट पर भी साइन करवा लिया गया।

### हंगामे के बाद जिंदा मिली महिला

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया और महिला को दिखाने की मांग की। हंगामा बढ़ने पर अस्पताल प्रबंधन ने कउव से महिला को बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थीं। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

अस्पताल प्रशासन ने तुरंत महिला को एम्बुलेंस से बलरामपुर अस्पताल रेफर किया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए उसे ड्ऋटव भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे उसकी मौत हो गई।

### एक साल पहले हुई थी शादी

परिजनों ने बताया कि चांदनी की शादी करीब एक साल पहले हुई थी। उसका नवजात बेटा स्वस्थ है। परिवार का आरोप है कि यदि अस्पताल समय पर सही इलाज करता या रेफर कर देता तो महिला की जान बच सकती थी।

### अस्पताल प्रबंधन का दावा

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि चांदनी नौ माह की गर्भावस्था में गुरुवार दोपहर करीब 2:20 बजे भर्ती हुई थी। बच्चे की धड़कन असामान्य थी और प्लेटलेट्स भी कम थे। परिजनों की सहमति से ऑपरेशन किया गया। बाद में हालत बिगड़ने पर दोबारा ऑपरेशन में स्प्लीनिक एन्यूरिज्म से रक्तस्राव मिला, जिसे नियंत्रित किया गया। अस्पताल के अनुसार यह सिजेरियन से जुड़ा मामला नहीं था।

स्प्लीनिक एन्यूरिज्म में तिल्ली की धमनी की दीवार कमजोर होकर गुब्बारे की तरह फूल जाती है। इसके फटने पर तेज अंदरूनी रक्तस्राव होता है, जो जानलेवा हो सकता है।

# गुज्जर गैंग का कहर, मजदूर दंपति को बेरहमी से पीटा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के स्थित कनकहा पुलिस चौकी क्षेत्र के रंजीत खेड़ा गांव में दबंगों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने एक गरीब मजदूर दंपति को घर से खींचकर डंडों से जमकर पीटा और लहूलुहान कर दिया हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित जब न्याय की आस लेकर कनकहा पुलिस चौकी पहुंचे तो चौकी इंचार्ज ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें टरका दिया घटना का वीडियो और मामला शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आठ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। घटनाक्रम रंजीत खेड़ा गांव निवासी पीड़िता राधा के मुताबिक बुधवार शाम करीब पांच बजे गांव का ही सूरज शराब के नशे में उनके घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा



राधा के पति सुखराम ने इसका विरोध किया तो सूरज ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया आरोप है कि कुछ ही देर में गुज्जर गैंग के कई लोग मौके पर पहुंच गए और घर पर चढ़कर पहले पथराव किया फिर दंपति को घर से खींचकर बाहर ले आए पीड़िता का आरोप कि दबंगों ने पति-पत्नी को घेरकर डंडों से बेरहमी से पीटा मारपीट में मजदूर सुखराम का सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया महिला को भी गंभीर चोटें आई आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों को बचाया।घायल दंपति न्याय की उम्मीद लेकर कनकहा पुलिस चौकी पहुंचे, लेकिन वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी आरोप कि चौकी इंचार्ज ने उनकी शिकायत सुनने के बजाय उन्हें चौकी से टरका दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को जब मारपीट की घटना सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे तो हरकत में आई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी सूरज राजाराम करन अरुण सुनील शिवम नन्हके और विष्णु लाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मोहनलालगंज थानाप्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया और उनकी तलाश की जा रही है।

## संक्षेप

### विशाल धनुष यज्ञ व भंडारे का किया जाएगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम त्रिपुरारपुर खुर्द स्थित मां मण्डकी देवी प्रांगण में शनिवार 7 मार्च को विशाल धनुष यज्ञ, मेले व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन अंशु द्विवेदी के नेतृत्व में मां मण्डफी देवी रामलीला समिति द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए कलाकार रामलीला का मंचन करेंगे। राम की भूमिका अभिनव दीक्षित (झलोखर, हमीरपुर), लक्ष्मण की भूमिका दया बाजपेई (झलोखर, हमीरपुर) व अभिषेक त्रिपाठी (कानपुर देहात) निभाएंगे। वहीं रावण की भूमिका ओम प्रकाश त्रिवेदी (घाटमपुर) और बाणासुर की भूमिका देवेंद्र सिंह गौर (औरैया) द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। व्यास के रूप में शिव सागर अवस्थी (फतेहपुर) कथा वाचन करेंगे। कार्यक्रम में हास्य कलाकार बीरू दादा (कानपुर) और नृत्य कलाकार सपना (उन्नाव) भी अपनी प्रस्तुति देंगे। आयोजन स्थल पर टेंट, लाइट और साउंड की विशेष व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण विशेष संस्कार चैनल पर किया जाएगा। आयोजक अंशु द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

मुरादाबाद, उन्नाव। बीते 17 जनवरी को मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की बीते गुरुवार को मौत हो गई घटना की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बांगरमऊ क्षेत्र के चकमीरा पुर निवासी 46 वर्षीय शिवपाल पुत्र रामसनेही बीते 17 जनवरी को आसीवन क्षेत्र गया हुआ था जहां पर खरगौरा गांव के निकट वह बाइक की टक्कर से बुरी तरह जख्मी हो गया हादसे के बाद से परिजन लखनऊ में उसका इलाज करा रहे थे बीते चार दिन पूर्व परिजन अस्पताल से छुट्टी लेकर घर पहुंचे थे किंतु बीते गुरुवार को अचानक हालत बिगड़ने से शिवपाल की मौत हो गई। मौत को सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच ।घटना के संबंध में बड़े बेटे अमित की सूचना तहरीर पर पर बांगरमऊ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को शव घर पहुंचने के बाद नानामऊ गंगा तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया ।घटना के बाद से पत्नी सरोजनी दो बेटे अमित व सुमित तथा पुत्री खुशबू के साथ रोने पर विवश बनी हुई है।

कोतवाल अखिलेश चंद पांडेय ने कहा है कि शव पोस्टमार्टम भेजा गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## रिजर्व पुलिस लाइन में होली मिलन समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। रिजर्व पुलिस लाइन में होली पर्व के अवसर पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी उन्नाव सुशील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण व प्रशासनिक अधिकारीगण, थाना प्रभारीगण, सम्मानित पत्रकार बंधु, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी एवं रिक्रूट आरक्षी उपस्थित रहे ।समारोह के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में संगीत टीम द्वारा होली के पारंपरिक गीतों एवं अन्य लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में आमंत्रित मैजीशियन द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक जादुई करतब प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित एवं आनंदित हुए ।कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली संगीत टीम एवं मैजीशियन को प्रोत्साहित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा पत्रकार बंधुओं के साथ पारंपरिक रूप से होली खेलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी गईं ।इस अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आपसी सौहार्द, भाईचारा एवं टीम भावना के साथ होली पर्व की खुशियां साझा कीं तथा जनपद में शांति, सुरक्षा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के संकल्प को दोहराया।

## रंग लगाने को लेकर हुआ विवाद दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत जबरन रंग लगाने को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जमकर पीट दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। ।थाना क्षेत्र के धर्मदास खेडा निवासी राजकुमार पुत्र छेदीलाल गौतम ने तहरीर देते हुए बताया कि वह बुधवार शाम अपने पुराने घर से नये घर जा रहा था तभी रास्ते मे पप्पू व गुड्डू पुत्रगण केशनपाल गौतम व श्रीपाल पुत्र पूरन गौतम व मुकेश पुत्र श्रीपाल गौतम चारो लोग गन्दी गन्दी गालियाँ देते हुए कहा इसको गड्ढे मे डाल दो मेरे द्वारा भइया गड्ढे मे न डालो जो भी रंग गुलाल लगाना लगा लो इसी बात से नाराज होकर पप्पू के द्ववारा अपने हाथ मे लिए सरिये से मुझे मारने लगे मेरी आवाज सुनकर मेरा बेटा मनोज बचाने के लिए दौडा तो उक्त चारो लोगो द्वारा मनोज को भी सरिये से मारकर घायल कर दिया ।थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर व मेडिकल उपरांत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## छात्रवृत्ति योजना में चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित




अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर कंपोजिट में छात्रवृति योजना में चयनित सात छात्रों को विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया

उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025 में विकास खंड सुमेरपुर के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के छात्रों के साथ-साथ उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर कंपोजिट के कक्षा आठ के सात छात्रों ने सफलता हासिल कर विकास खंड स्तर पर विद्यालय का नाम प्रथम स्थान पर पहुंचाया है विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय के सात छात्रों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है सभी सफल छात्रों को 1000/- प्रतिमाह लगातार चार वर्षों तक छात्रवृत्ति के रूप में प्राप्त होगा सफल छात्रों में कृष्णा, महिमा ,पायल ,तान्या ,स्वाती ,निखिल व दानिश है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद सिंह और खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा ने दूरभाष पर सभी चयनित छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और विद्यालय के अध्यापकों की लगन और परिश्रम की सराहना की इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कुसमा देवी ने सभी छात्रों को माला पहनाकर बधाई दी ।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों में सुनील कुमार गुप्ता, विनीता त्रिवेदी, वीरेंद्र यादव,अनिल कुमार शुक्ला, अंकित,सुशांत आनंद आगनवाडी चंद्र प्रभा,रसोईया ममता देवी, ज्ञानवती, सरोजनी और अभिभावकगण उपस्थित रहे

## आईपीएस में हुआ चयन क्षेत्र में दौड़ी खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के कस्बा पाटन निवासी अमन वर्मा व सराय मनिहार के गौरव सिंह का यू पी एस सी( आई पी एस) में चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी। अमन वर्मा ने कक्षा 12 की पढ़ाई त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार से उत्तीर्ण की थी। इसके उपरान्त 2017 में बी टेक की उपाधि एम एन एन आई टी इलाहाबाद से प्राप्त करने के बाद हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट इंजीनियर के रूप में कार्य करने लगे। नौकरी दौरान भी वह लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे रहे। अबकी बार हुई यू पी एस सी परीक्षा में 505 वी रैंक लेकर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। अमन वर्मा के पिता राम सुंदर उ०प्र०पुलिस के रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर है। जबकि एक भाई अंशुल वर्मा भी पढ़ाई में लगा है। माँ कमलेशा वर्मा को अपने पुत्र की सफलता पर खुशियों का ठिकाना नही है। अमन वर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय त्रिवेणी काशी के शिक्षकों के साथ अन्य गुरुजनों को दिया है। जबकि गौरव सिंह की 317 वी रैंक आने पर पिता उदयभान सिंह ने अपने को गौरवांवित महसूस कर रहे है। दोनो हो छात्रों की सफलता पर क्षेत्रवासियों में कमल बहादुर सिंह,शिवेश सिंह ,दिनेश दीक्षित, नरेश मिश्रा, शेर बहादुर,राज बहादुर,योगेश बाजपेयी,मुन्ना सिंह,बैजनाथ सिंह,प्रभात सिंह,पिंशू सिंह आदि ने हर्ष ब्यक्त किया है।

## अवकाश के बाद खुला अस्पताल उमड़ी मरीजों की भीड़

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। होली पर्व के तीन दिन बाद शुक्रवार को जिला अस्पताल की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही अस्पताल परिसर में पर्चा बनवाने और डॉक्टरों को दिखाने के लिए लंबी कतारें देखी गईं। लगातार तीन दिन के अवकाश के कारण कई मरीज होली के दौरान अपना इलाज नहीं करा पाए थे। ओपीडी खुलते ही बड़ी संख्या में लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। सुबह करीब आठ बजे से ही पर्चा काउंटर पर लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी।अस्पताल में सबसे अधिक मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार, पेट दर्द और त्वचा संबंधी समस्याओं के साथ पहुंचे। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। कई मरीजों ने बताया कि होली के दौरान खानपान में अनियमितता और रंगों के इस्तेमाल से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां हुईं। कुछ लोग पुराने रोगों की जांच और दवा लेने के लिए भी अस्पताल पहुंचे थे। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को काफी व्यस्तता का सामना करना पड़ा। डॉक्टरों ने एक-एक कर सभी मरीजों की जांच की और जरूरी दवाएं दीं। साथ ही, कई मरीजों को खानपान में सावधानी बरतने और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की सलाह भी दी गई ।अस्पताल प्रशासन के अनुसार, होली के बाद मरीजों की संख्या बढ़ना सामान्य है। त्योहार के दौरान लोग अक्सर खानपान में लापरवाही करते हैं और रंगों के कारण त्वचा व आंखों से जुड़ी समस्याएं सामने आती हैं, जिससे ओपीडी में मरीजों की संख्या अचानक बढ़ जाती है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी। पर्चा काउंटर और ओपीडी कक्षों के बाहर लाइनों को व्यवस्थित रखने के लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया, ताकि मरीजों को कम से कम परेशानी हो। अत्यधिक भीड़ के बावजूद, डॉक्टरों और कर्मचारियों ने मरीजों को समय पर देखने और उन्हें दवाएं उपलब्ध कराने का पूरा प्रयास किया।

## आज भी जीवित हैं पुरानी परंपराएं: होली के तीसरे दिन भी गांवों में ढोलक मंजीरों के साथ गूंजते रहे फाग

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। तहसील मुख्यालय पाटन क्षेत्र में होलिका दहन के उपरांत होली शुक्रवार को क्षेत्र के गांवों में पारंपरिक फाग गायन की मनोहारी छटा देखने को मिल रही है ढोलक की मधुर थाप, मंजीरा और झींका की झंकार से पूरा वातावरण गूंज रहा है। ग्रामीणों में टोलियां इकट्ठा होकर लोकगीतों के माध्यम से न केवल उत्सव मनाती नजर आ रही है बल्कि आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दे रहीं है

तहसील क्षेत्र के गावों की गलियों में युवाओं और बुजुर्गों की टोलियां सभी एक-दूसरे के घर पहुंचकर पारंपरिक फाग गाते रहे। कहीं चौपाल पर महफिल सजती है तो कहीं मंदिर प्रांगण में स्वर लहरियां लोकधुनों पर थिरकते कदम और अबीर-गुलाल से सजे चेहरे उत्सव की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगे गुलाल के साथ वे बड़ों के साथ फाग मंडलियों में शामिल हुए और पारंपरिक गीतों को सीखते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है, कि आधुनिकता के इस दौर में भी क्षेत्र में लोक परंपराएं अपनी जड़ों से जुड़ी हुई हैं। फाग केवल गीत-संगीत नहीं, बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने वाली सांस्कृतिक परंपरा है कुछ गांव में फाग गाने वाले पुराने बुजुर्ग लोग नहीं होने के कारण एक दो बुजुर्ग की सहायता से नौजवान मंदिरों मंदिरों में भाग गाकर पुरानी परंपरा का निर्वाहन किय।

## बजरंग दल के कार्यकताओं ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शिवरात्रि मेले के दौरान हुए विवाद को लेकर शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पदाधिकारियों का आरोप है कि मेले में उत्पात मचाने वालों पर कार्रवाई के बजाय बीच-बचाव करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। बजरंग दल के पदाधिकारी नितिन शुक्ला ने बताया कि 15 फरवरी को नवाबगंज ब्लॉक के मही नईमपुर गांव में शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने मेले में लगी मूर्तियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और उन्हें पाखंड बताया। आरोप है कि इन लोगों ने मेले में तोड़फोड़ भी की और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की ।नितिन शुक्ला के अनुसार, जब मेले में मौजूद महंतों और साधु-संतों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, तो उन लोगों ने महंतों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वहां मौजूद भक्तों और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर स्थिति को शांत कराने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद पुरवा कोतवाली में दबाव बनाकर उन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, जिन्होंने बीच-बचाव कर स्थिति को संभालने की कोशिश की थी। उनके मुताबिक, बजरंग दल के कार्यकताओं पर सात धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें एससी/एसटी एक्ट भी शामिल है ।बजरंग दल के पदाधिकारियों का कहना है कि इस मामले में वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने के बजाय निर्दोष लोगों को फंसाया जा रहा है। इसी को लेकर संगठन के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की। उन्होंने एसपी से अनुरोध किया कि पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराई जाए और जो भी व्यक्ति दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। वहीं निर्दोष लोगों को इस मामले में परेशान न किया जाए। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगई से भड़के गांव में शांति पुलिस की चहलकदमी जारी

फॉलोअप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज होली के त्यौहार पर थाने के एक सिपाही की दबंगई से भड़का हड़हा गांव शुक्रवार को शांत रहा ।एहतियात के तौर दो दरोगा एक दर्जन आरक्षी दूसरे दिन भी गांव में मौजूद ड्यूटी पर मुस्तैद रहे। एसएचओ भी पल पल की निगरानी करते रहे ।ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न घटित हो।

होली की परेवा पर जुआ पकड़ने गए थाने के एक सिपाही अमरजीत तेवतिया द्वारा गांव के अंकित सोनकर को थप्पड़ मार देने हड़हा गांव छावनी बना रहा ।त्यौहार पर मारपीट से नाराज महिला पुरुषों ने कई घंटे जमकर बवाल काटा ।इस दौरान हड़हा बलाई मार्ग जामकर सिपाही को मौके पर बुलाए जाने पर अड़े रहे ।इस दौरान आक्रोशित नागरिकों ने जमकर ईंट पत्थर चलाते हुए पुलिस की सरकारी गाड़ी तक पलट दी थी मारपीट में एसएचओ, जीप चालक, क्राइम इंस्पेक्टर समेत पांच लोग ईंट लगने से घायल हुए थे पुलिस ने 25 लोगों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है लेकिन दूसरे दिन भी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है ।त्यौहार की खुमारी छटते ही गांव शांत रहा ।मुकदमा दर्ज होने से ज्यादातर पुरुष घरों से नदारत दिखे ।घरों में महिलाएं ही नजर आती रही।

*होली एवं दीपावली की परेवा में बवाल होने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी जुआ और नशेबाजी को लेकर विवाद होते रहे है लेकिन त्यौहार की छुट्टी पर जुआ खेल रहे कुछ लोगों को पुलिस द्वारा छेड़ना विवाद की जड़ बन गया।*

*हड़हा गांव में हुए विवाद के बाद थप्पड़ मारने वाले सिपाही अमरजीत तेवतिया को गुरुवार की देर शाम लिखा पढ़ी में तीन दिन के अवकाश पर भेज दिया गया ।ताकि दोबारा कोई विवाद न हो।*

## अनियंत्रित ट्रक पलटा बड़ा हादसा टला

अमन लेखनी समाचार



गंजमुरदाबाद, उन्नाव। गुजरात से गोरखपुर जाते समय एक ट्रक अनियंत्रित होकर बांगरमऊ क्षेत्र में एक्सप्रेसवे मार्ग पर दुर्घनाग्रस्त हो गया गनीमत रही चालक को मामूली चोट आई । चालक प्रेमपाल पुत्र मोहर सिंह निवासी बबेंथ हयातनगर जनपद अमरोहा ट्रक में अनार लोड़कर अहमदाबाद गुजरात से गोरखपुर लेकर जा रहा था तभी शुक्रवार को सुबह करीब 8:15 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गांव रघुरामपुर के निकट चालक को झपकी लगने से ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक घायल हो गया ।हादसे की सूचना पर यूपीडा टीम ने घटनास्थल का रेस्क्यू किया।

## अनियंत्रित बाइक पलटी दो युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से दो युवक गभींर रुप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के उदशाह गांव निवासी विजय पुत्र राजाराम शुक्रवार की दोपहर गांव निवासी पवन पुत्र उमाशंकर के साथ सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मवई ब्रम्हनान गांव मामा के यहां जाने के लिए निकला था इसी बीच कुलहा पुलिया की मोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गयी जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र स्थित बाबा खेड़ा गांव में एक युवक ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान बाबा खेड़ा गांव निवासी 22 वर्षीय अमित पुत्र राम रतन के रूप में हुई है। उसने गांव के पास एक बाग में आम के पेड़ से फांसी लगाई थी। सुबह नहर किनारे स्थित बाग में गए ग्रामीणों ने सबसे पहले शव को देखा। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों और परिजनों को दी ।सूचना मिलने पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सोहरामऊ थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक के पिता राम लोटन ने बताया कि अमित उनका बेटा था और उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उन्होंने जानकारी दी कि सुबह ग्रामीणों ने ही उन्हें अमित के शव के पेड़ से लटके होने की सूचना दी थी। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। आत्महत्या के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है ताकि मामले से जुड़ी जानकारी जुटाई जा सके। सोहरामऊ थाना प्रभारी अरविंद पांडे के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल




अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन मोहान मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। एंबुलेंस ने घायल युवकों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एक युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी सोनू 30 पुत्र बेचेलाल शुक्रवार को चचेरे भाई रवींद्र 24 पुत्र छेदी के साथ बाइक से भटपुरा गांव ससुराल जा रहा था। रास्ते में अजगैन मोहान मार्ग पर रहमतगंज के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गये। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रविन्द्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर दबंगो ने पिता पुत्र को पीटा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात पूर्व में हुए बिवाद की खुन्नस को लेकर पिता पुत्रों पर लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे तीन लोग गभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने तीनों की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।आसीवन तरफ कादिर पुर गांव निवासी श्रीराम पुत्र देवी से कुछ माह पहले परिवारिक लोगों से किसी बात को लेकर बिवाद हो गया था जिसकी खुन्नस मानते हुए गुरुवार देर रात लाठी डंडे से अधेड श्रीराम पर हमला कर दिया पिता की चीख पुकार सुनकर सोनू, अमित पुत्रगण श्रीराम पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की जिससे तीनों गभींर रुप से घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सम्पादकीय

# बम से नहीं, वार्ता से सुलझाएं विवाद

संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक सैन्य हमलों ने क्षेत्रीय तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सैन्य ठिकानों के साथ-साथ नागरिक ढांचे को भी नुकसान पहुंचने की खबरें हैं। बड़ी संख्या में लोगों की मृत्यु एवं घायल होने की सूचना ने मानवीय संकट को और गहरा कर दिया है। जवाबी कार्रवाई में ईरान द्वारा भी हमले किए जाने से स्थिति और विस्फोटक हो गई है। यह संघर्ष यदि इसी दिशा में आगे बढ़ता रहा, तो इसका प्रभाव केवल मध्य पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया इसकी चपेट में आ सकती है। सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, आर्थिक संकट भी बढ़ेगा। इतिहास इस बात का साक्षी है कि बम और मिसाइलें क्षणिक बढ़त तो दिला सकती हैं, लेकिन वे स्थायी शांति की नींव नहीं रख सकतीं। इस संघर्ष ने न केवल हजारों परिवारों को शोक में डुबोया है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को भी बढ़ाया है। स्कूलों, रिहायशी इलाकों और नागरिक प्रतिष्ठानों को हुए नुकसान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक युद्धों में सबसे बड़ी कीमत आम नागरिक ही चुकाते हैं। ऐसे समय में वार्ता, संयम, संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता हैं जो व्यापक विनाश को रोक सकते हैं। मध्य पूर्व का भू-राजनीतिक महत्व पूरी दुनिया जानती है। ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है। यदि तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग बाधित होते हैं, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। तेल की कीमतों में उछाल से विश्व अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ेगा, महंगाई बढ़ेगी और विकासशील देशों की आर्थिक स्थिति और कठिन हो जाएगी। स्पष्ट है कि यह केवल दो या तीन देशों का मामला नहीं है, बल्कि पूरी वैश्विक व्यवस्था की स्थिरता का प्रश्न है। भारत ने ईरान और खाड़ी क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से तनाव कम करने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है। भारत का यह रुख संतुलित और जिम्मेदार कूटनीति का परिचायक है। इसी प्रकार चीन और रूस ने भी सैन्य कार्रवाई की निंदा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है। यह सकारात्मक संकेत है कि वैश्विक शक्तियां कम से कम औपचारिक रूप से ही सही, शांति की वकालत कर रही हैं। वास्तव में, यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। क्या सैन्य हमले किसी परमाणु या सुरक्षा विवाद का स्थायी हल दे सकते हैं? क्या क्षेत्रीय प्रभुत्व की राजनीति निर्दोष नागरिकों के जीवन से अधिक मूल्यवान है? इन प्रश्नों का उत्तर स्पष्ट है। विश्व व्यवस्था नियम-आधारित होनी चाहिए, जहां सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान हो। यदि कूटनीतिक प्रयासों को मजबूत किया जाए, तो विवादों का समाधान संभव है। अतीत में भी कई जटिल अंतरराष्ट्रीय विवाद वार्ता की मेज पर सुलझे हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मंचों की भूमिका भी इस समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। परमाणु कार्यक्रम, क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रतिबंधों जैसे मुद्दों पर व्यापक और पारदर्शी वार्ता ही आगे का रास्ता दिखा सकती है। सैन्य टकराव से केवल अविश्वास बढ़ता है, जबकि संवाद से पुल बनते हैं। विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश देना होगा कि 21वीं सदी में संघर्षों का समाधान युद्ध नहीं, बल्कि वार्ता है। इसलिए यही उचित होगा कि सभी पक्ष तुरंत सैन्य कार्रवाइयों पर विराम लगाएं, तनाव कम करें और बातचीत की प्रक्रिया को पुनः आरंभ करें। बम से नहीं, बल्कि वार्ता से ही स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।



तनाव

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चिंताएं

**ईरानी और इजराइल-अमेरिका युद्ध लंबा खिंचने की आशंका से भारत की भी कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी जैसी चिंताएं बढ़ सकती हैं। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा।**

इजराइल-अमेरिका द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और उसके बाद ईरान के द्वारा इजरायल व अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर हमलों से निर्मित युद्ध ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। खास तौर से इस युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद जहां ईरानी सेना ने इजराइल-अमेरिका से इसका पूरा बदला लेने और इजराइल- अमेरिका के द्वारा ईरान को पूरी तरह से कमजोर किए जाने के वक्तव्यों से इस युद्ध के लंबा खिंचने की आशंका बढ़ गई है। ऐसे भारत की भी चिंताएं बढ़ सकती हैं। ये चिंताएं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से बासमती चावल, चाय, मशीनरी, इस्पात तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि, पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा की चिंता तथा इजराइल और ईरान के सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी की आशंकाओं से संबंधित हैं।

उल्लेखनीय है कि ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। ईरान ने 33 किलोमीटर चौड़ा यह जल मार्ग रोक दिया है। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें बढ़ने लगेंगी। चूंकि भौगोलिक रूप से ईरान भारत का पड़ोसी क्षेत्र है और कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब आधा कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। वजह यह है कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ा सकती है। स्थिति यह है कि युद्ध के तनाव के बीच 28 फरवरी को कच्चे तेल की कीमत 73 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई, जो सात माह का रिकॉर्ड मूल्य स्तर है। युद्ध के लंबा खिंचने पर कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है। ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश युद्धग्रस्त है। ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर भी हो सकता है।

इस युद्ध से वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी बड़ा असर पड़ने की आशंका है। इस युद्ध से भारत के शेयर बाजार में बड़ी संख्या में विदेशी निवेशकों के द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेचने और बड़ी संख्या में निवेश निकालने की स्थिति दिखाई दे सकती है। सेंसेक्स और निफ्टी के लिए मार्च 2026 बड़ी गिरावट का महीना होगा। इस युद्ध के कारण निवेशक तेजी से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीदी का भी



रुख करते हुए दिखाई देंगे। इससे वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत और तेजी से बढ़ेगी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच युद्ध के लंबा खिंचने पर पश्चिम एशिया में रहने वाले करीब 90 लाख भारतीयों की सुरक्षा भी भारत के लिए चिंता का कारण बन सकती है। इस युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ सकता है और भारतीय रुपया कमजोर भी हो सकता है। लेकिन ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के बीच भारत के कई ऐसे मजबूत आर्थिक पक्ष हैं, जिनसे भारत के आम आदमी और भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक नुकसान नहीं होगा। खास बात यह है कि इस समय भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारत खाद्यान्न अतिशेष वाला देश है और देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। वर्ष 2025 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन हुआ था और इस वर्ष 2026 में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में इस समय लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध होने का अनुमान है। इसी तरह इस वित्त वर्ष 2025-26 के लिए निजी कंपनियों और व्यापारियों के पास लगभग 75 लाख टन गेहूं का स्टॉक मौजूद है। यह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में करीब 32 लाख टन ज्यादा है। यह भी महत्वपूर्ण है कि रबी सीजन 2026 में गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 334.17 लाख हेक्टेयर हो गया है, जो पिछले साल 328.04 लाख हेक्टेयर था।

एक खास बात यह है कि भारत में महंगाई नियंत्रित है भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। महंगाई दर 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई दर जनवरी 2026 में 1.81 प्रतिशत पर रही है। इसी तरह उपभोक्ता महंगाई दर 2.75 प्रतिशत रही है। भारत में महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्धारित लक्ष्य से भी कम है। निश्चित रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। यदि युद्ध से जरूरी दवाइयों की आपूर्ति में कोई कमी आती है, तो सरकार पीएलआई योजना के तहत दवाई उद्योग में काम आने वाले 35 प्रमुख कच्चे माल (एपीआई) का उत्पादन देश में ही तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे सकेगी। इससे दवाइयों के दामों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। इस युद्ध के चलते वैश्विक तेल की कीमतों में आए उछाल पर भारत कच्चे तेल के किसी भी संकट से निपटने में सक्षम होगा। इस समय भारत के पास 74 दिनों की रणनीतिक कच्चा तेल भंडार उपलब्ध है। पहले भारत 27 देशों से कच्चा तेल खरीदता था, अब इन देशों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है। इससे कुछ ही देशों से तेल खरीदने संबंधी जोखिम कम हो गया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के तहत शीघ्र खराब होने वाले सामान की बाजार में समुचित आपूर्ति सुनिश्चित करने, महंगाई नियंत्रण व जरूरी दवाइयों की किफायती दाम पर आपूर्ति के लिए जो प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, वे युद्ध की चुनौती के बीच भारत के आम आदमी को राहत देते हुए दिखाई दे सकेंगी।

हम उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के दुर्भाग्यपूर्ण रूप से विस्तारित होने पर युद्ध से निर्मित आर्थिक चुनौतियों की आशंका के मद्देनजर ऐसी बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ेगी, जिससे देश के आमजन व देश की अर्थव्यवस्था को ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध के दुष्प्रभावों से बचाया जा सकेगा।

कूटनीति

महेन्द्र तिवारी



# खामेनेई के बाद ईरान की रणनीति व भारत पर असर

अयातुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु और उसके बाद मोजतबा खामेनेई का सत्ता के केंद्र में आना ईरान के इतिहास का वह मोड़ है, जहां से वापसी का रास्ता केवल संघर्ष और रणनीतिक आक्रामकता से होकर गुजरता है। ईरान की आगामी रणनीति अब केवल अस्तित्व बचाने की नहीं, बल्कि अपने खोये हुए गौरव और नेतृत्व के अपमान का बदला लेने की है। अहमद वाहिदी जैसे कट्टरपंथी सैन्य रणनीतिकार के हाथों में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की कमान होने का सीधा अर्थ है कि ईरान अब 'रणनीतिक धैर्य' की नीति को त्यागकर 'प्रत्यक्ष प्रतिशोध' के युग में प्रवेश कर चुका है। मोजतबा खामेनेई के लिए चुनौती दोहरी है: उन्हें न केवल अपने पिता की विरासत को सुरक्षित रखना है, बल्कि देश के भीतर पनप रहे असंतोष और बाहर से हो रहे सैन्य प्रहारों के बीच एक संतुलन बनाना है। ईरान की अगली चालों में सबसे महत्वपूर्ण उसका परमाणु कार्यक्रम होगा। अंतरराष्ट्रीय दबाव व हमलों के बावजूद, ईरान अब परमाणु हथियार की क्षमता को 'अंतिम सुरक्षा कवच' के रूप में देख रहा है। 2025-26 के इस कालखंड में ईरान का 90% तक यूरेनियम संवर्धन करना केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि एक भू-राजनीतिक ब्लैकमेलिंग का हथियार है, जो पश्चिम को सीधे टकराव से रोकने के लिए इस्तेमाल होगा। क्षेत्रीय स्तर पर, ईरान अपने 'एक्सिस ऑफ रेसिस्टेंस' यानी हिजबुल्लाह, हूती व हमास को नई ऊर्जा और आधुनिक हथियारों से लैस करेगा ताकि इजरायल-अमेरिकी ठिकानों पर दबाव बना रहे। होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी ईरान का वह ब्रह्मास्त्र है, जिसे वह वैश्विक अर्थव्यवस्था को घुटनों पर लाने में इस्तेमाल कर सकता है।

इस भीषण उथल-पुथल के बीच भारत की स्थिति अत्यंत नाजुक और चुनौतीपूर्ण हो गई है। भारत के लिए ईरान केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि पश्चिम और मध्य एशिया तक पहुंचने का प्रवेश द्वार है। ईरान में इस तरह का नेतृत्व परिवर्तन और युद्ध की स्थिति भारत की 'स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी' यानी रणनीतिक स्वायत्तता की कड़ी परीक्षा है। भारत ने हमेशा से एक संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाई है, जहां उसने एक तरफ इजरायल के साथ गहरे रक्षा संबंध बना रखे हैं, वहीं दूसरी तरफ ईरान के साथ चाबहार पोर्ट जैसे रणनीतिक निवेशों के जरिए अपनी कनेक्टिविटी को सुरक्षित किया है। खामेनेई के बाद यदि ईरान पूरी तरह से चीन और रूस के पाले में चला जाता है, जैसा कि वर्तमान संकेतों से लग रहा है, तो भारत के लिए अपनी स्वायत्तता बनाए रखना कठिन होगा। अमेरिका और इजरायल के साथ भारत की बढ़ती निकटता के बीच ईरान का नया कट्टरपंथी नेतृत्व नई दिल्ली को संदेह की दृष्टि से देख सकता है। यदि ईरान पर और कड़े प्रतिबंध लगते हैं या वह पूर्ण युद्ध में उलझता है, तो चाबहार बंदरगाह और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' जैसे प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में जा सकते हैं, जो भारत के लिए मध्य एशिया और यूरोप तक पहुंचने का सबसे छोटा और सस्ता रास्ता हैं। भारत की विदेश नीति के लिए यह वह समय है जब उसे 'गुटनिरपेक्षता 2.0' के सिद्धांतों पर चलते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि वह किसी एक पक्ष का मोहरा न बने। सामाजिक और सुरक्षा के दृष्टिकोण से देखें तो ईरान और पश्चिम के बीच बढ़ता तनाव भारत के भीतर के जनसांख्यिकीय संतुलन और प्रवासी सुरक्षा को भी प्रभावित करता है। पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा और वहां से आने वाला प्रेषण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यदि युद्ध फैला, तो उनकी सुरक्षित वापसी बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती होगी।

अंततः, खामेनेई के बाद का ईरान एक ऐसा ज्वालामुखी है जिसके फटने का असर वाशिंगटन से लेकर नई दिल्ली तक महसूस किया जाएगा। मोजतबा खामेनेई और अहमद वाहिदी की जोड़ी ईरान को एक सैन्यीकृत धार्मिक शासन की ओर ले जा रही है, जो कूटनीति से अधिक शक्ति प्रदर्शन में विश्वास रखता है। भारत को ऐसे समयय में अपनी 'रणनीतिक स्वायत्तता' को ढाल बना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करनी होगी, भले ही इसके लिए उसे कठिन कूटनीतिक फैसले लेने पड़ें।

## कुंभकर्ण एवं रावण के पिछले जन्म का रहस्य



संकलित

दर्शन

सनक, सनंदन, सनातन तथा सनतकुमार भगवान विष्णु से मिलने वैकुंठ लोक गए। वहां उनके द्वारपाल जय-विजय ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया और उनका अपमान किया। इससे क्रुद्ध होकर चारों मुनि कुमारों ने जय-विजय को पृथ्वी लोक पर असुर के रूप में जन्म लेने का शाप दे दिया। ऋषि कुमारों द्वारा शाप मिलने पर दोनों द्वारपालों को अपनी गलती का अहसास हुआ। वे दोनों उनके चरणों पर गिरकर पश्चाताप करने लगे और अपने अपराध के लिए क्षमा मांगने लगे। उसी समय वहां देवी लक्ष्मी सहित विष्णु पधारे। चारों मुनि कुमारों ने उन्हें प्रणाम किया। जय-विजय ने भगवान विष्णु को सारा वृत्तांत सुनाया और प्रार्थना करते हुए कहा, 'प्रभु हम पर दया करें। हमें शाप मुक्त करें।' भगवान विष्णु ने कहा, 'यह मेरे वश में नहीं है। ये चारों मुनि कुमार ही तुम्हें इस शाप से मुक्त कर सकते हैं।' मुनि कुमारों को दोनों द्वारपालों पर दया आ गई। उन्होंने जय-विजय से पूछा, 'आप सौ योनियों में जन्म लेकर भगवान विष्णु के भक्त बनकर जीने के बाद शाप मुक्त होना चाहेंगे या फिर तीन योनियों में भगवान के शत्रु बनकर जीने के बाद मुक्त होना चाहेंगे। दोनों ने कहा, 'सौ जन्म भगवान से दूर रहने की बजाय हम तीन जन्मों का ही चयन करेंगे।' जय और विजय ने असुरों के रूप में पहली योनि में हिरण्याक्ष तथा हिरण्यकशिपु, दूसरी योनि में कुंभकर्ण एवं रावण और तीसरी योनि में शिशुपाल तथा दंतवक्र के रूप में जन्म लिया। भगवान विष्णु ने नरसिंह, राम तथा कृष्ण का अवतार धारण कर उनका संहार कर शाप से मुक्ति दिलाई।

## आपकी इच्छाशक्ति में सफलता का बीज



संकलित

प्रेरणा

दुर्बल इच्छाशक्ति एक सीमित इच्छाशक्ति है। जैसे ही कठिनाइयां और असफलताएं उसे नष्ट कर देती हैं, अनंत शक्ति के स्रोत से उसका संबंध टूट जाता है। अच्छे उद्देश्य के लिए इच्छाशक्ति के पीछे ईश्वर की इच्छाशक्ति होती है, जो कभी विफल नहीं हो सकती। यहां तक कि ईश्वर की इच्छाशक्ति को रोकने की शक्ति मृत्यु में भी नहीं है। जिस प्रार्थना के पीछे अनवरत इच्छाशक्ति हो, उस प्रार्थना का उत्तर प्रभु अवश्य देंगे। अधिकांश लोग जब कुछ ऐसा पाने की कोशिश कर रहे होते हैं, जिसका उनके लिए बहुत महत्व है, तो वे अत्यधिक अशांत या तनावग्रस्त हो जाते हैं। अधीर और अशांत कार्य ईश्वर की शक्ति को आकर्षित नहीं करते, परंतु इच्छाशक्ति का निरंतर शांत, शक्तिपूर्ण प्रयोग सृष्टि की शक्तियों को झकझोर देता है और अनंत से उत्तर प्राप्त करता है। आप जो कुछ भी करना चाहते हैं, उसकी सफलता का बीज आपकी इच्छाशक्ति में है। कठिनाइयों से बुरी तरह आहत हुई इच्छाशक्ति थोड़े समय के लिए पंगु हो जाती है, परंतु जो कृतसंकल्प मनुष्य यह कहता है, 'मेरा शरीर भले ही टूट जाए, परंतु इच्छाशक्ति रूपी मेरा सिर झुक नहीं सकता।' वह इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करता है। इच्छाशक्ति ही आपको दिव्य बनाती है। जब आप उस इच्छाशक्ति का प्रयोग करना बंद कर देते हैं, तो आप नश्वर मानव बन जाते हैं। बहुत-से लोग कहते हैं कि हमें अपनी इच्छाशक्ति का प्रयोग परिस्थितियों को बदलने के लिए नहीं करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *- रमेश कुमार साहू, रायपुर*

## X ट्रेंड f

### अहम भूमिका निभाएगा तमिलनाडु



तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। तमिलनाडु एक तटीय राज्य है और इसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन जब कांग्रेस और डीएमके पहले सत्ता में थी, तब वे निष्क्रिय थीं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### ममता को हटाना चाह रही जनता



तृणमूल पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी में बदलाव कर इसे 'पश्चिम बांग्लादेश' बनाना चाहती है। राज्य का हर सही सोच रखने वाला नागरिक अब अपनी सुरक्षा और अस्तित्व के लिए ममता बनर्जी की इस सरकार को हटाना चाहता है। **-धर्मेंद्र प्रधान,** केंद्रीय मंत्री

### पिंक कार्ड से फ्री यात्रा



पिंक कार्ड से दिल्ली की महिलाओं को डीटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, साथ ही इसका उपयोग मेट्रो, क्षेत्रीय तीव्र पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में सशुल्क यात्रा के लिए भी किया जा सकेगा। **-रेखा गुप्ता,** सीएम, दिल्ली

### पीएम को देश से मतलब नहीं



भाजपा ने एक साल के शासन में राष्ट्रीय राजधानी को बर्बाद कर दिया। यहां की सड़कें टूटी हुई हैं, पानी भी दूषित है और वायु प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। प्रधानमंत्री का देश से कोई मतलब नहीं है। **-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, दिल्ली

## करंट अफेयर

# ईरान में सत्ता परिवर्तन के आसार कम

ईरान में गूंजे धमाकों ने पश्चिम एशिया को एक बार फिर युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा किया है। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ सैन्य दबाव है या ईरान में सत्ता परिवर्तन की शुरुआत। इन हमलों के पैमाने से आपको क्या संकेत मिलता है? मुझे लगता है कि इन बड़े हमलों और क्षेत्र में कई हफ्तों से तैनात जहाजों तथा कुछ सैनिकों के जरिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका प्रशासन ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रहा है। मेरा अनुमान है कि अगले कुछ दिनों तक और हमले हो सकते हैं। शुरुआत में वे उस पारंपरिक रणनीति को अपनाएंगे



## ऑफ बीट

# विकसित भारत 2047 युवाओं की आकांक्षाओं पर आधारित



केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' का विजन भारत के युवाओं की आकांक्षाओं में निहित है। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और भविष्य के लिए तैयार नवाचार से होने वाले बदलावों के लिए एक व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की। सिंह ने शनिवार को यहां पांचवें पी. परमेश्वरन स्मृति व्याख्यान में इस बात पर जोर दिया कि 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा सशक्त युवा प्रतिभाओं, एक मजबूत अनुसंधान प्रणाली और साहसिक नीतिगत सुधारों पर आधारित होगी। विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री ने कहा कि 'विकसित भारत' देश के युवाओं को समर्पित है

## संक्षेप

### परिवहन विभाग का होली पर अभियान, 170 वाहन का चालान

**अमेठी में कई वाहन सीज, ब्रेथ एनालाइजर से जांच जारी**

अमेठी, होली से पहले परिवहन विभाग अलर्ट हो गया है। विभाग ने जिले भर में सघन चेकिंग अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक 170 वाहनों पर कार्रवाई की गई है। इस अभियान के दौरान 170 वाहनों का चालान किया गया है और कई वाहनों को जब्त (सीज) कर जगदीशपुर समेत विभिन्न थानों में खड़ा कराया गया है। ।रिवहन विभाग की टीम ब्रेथ एनालाइजर मशीन का उपयोग कर वाहन चालकों की जांच कर रही है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी चालक शराब पीकर गाड़ी न चलाए। अमेठी के यात्री मालकर अधिकारी (पीटीओ) दिनेश कुमार रावत ने बताया कि यह कार्रवाई होली के मद्देनजर परिवहन आयुक्त के निर्देश पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग, ओवरलोडिंग और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। ये पूरा अभियान एक मार्च से 9 मार्च तक चलाया जाएगा। यह चेकिंग अभियान अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर, कमरौली, मुसाफिरखाना और राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिले के विभिन्न इलाकों में चलाया जा रहा है।

### होली को लेकर बाजार गुलजार

**मोदी पिचकारी की सबसे ज्यादा डिमांड; 70 से 2700 रुपए तक की पिचकारी उपलब्ध**

अमेठी , होली के त्योहार को लेकर बाजार गुलजार हो गए हैं। शहरी इलाकों में रंग, अबीर, गुलाल और पिचकारी की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। लोग उत्साह के साथ खरीदारी करने में जुटे हुए हैं।बाजारों में तिलस्मी तलवार, हनुमान गदा और इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों की विशेष मांग है। इन पिचकारियों की कीमत 70 रुपए से लेकर 2700 रुपए तक है, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रही हैं इस बार 'मोदी पिचकारी' और मुखौटों की भी खूब डिमांड है। इन पिचकारियों पर भाजपा का चुनाव चिन्ह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर छपी है और 'वोट फॉर मोदी' भी लिखा हुआ है। लोग हर्बल रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि त्वचा को कोई नुकसान न पहुंचे।

### अमेठी पुलिस ने पकड़ी अवैध कच्ची शराब

**ड्रोन सर्विलांस से कार्रवाई, 10 कुंतल लहन नष्ट किया; दो गिरफ्तार**

अमेठी , पुलिस ने होली के मद्देनजर अवैध कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ड्रोन सर्विलांस के जरिए चलाए गए अभियान में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब का जखीरा पकड़ा। मौके से 100 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने घटनास्थल पर 10 कुंतल 'लहन' (कच्ची शराब बनाने का मिश्रण) को भी नष्ट कराया। यह कार्रवाई जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई।होली पर्व को देखते हुए अमेठी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर है।

# कुंडासर गांव की मस्जिद में 15 रमजान को तरावीह में कुरान मुकम्मल

## मुल्क की अमन-ओ-सलामती के लिए हुई दुआ

**हाफि ज अब्दुल अलीम अंसारी ने सुनाया पूरा कुरान**

**बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत कर मांगी दुआ**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।



रमजान के मुकद्दस महीने में क्षेत्र कैसरगंज के कुंडासर गांव स्थित मस्जिद में 15 रमजान को तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक मुकम्मल सुनाया गया। इस अवसर पर मस्जिद में इबादत का रूहानी माहौल देखने को मिला और बड़ी संख्या में नमाज़ियों ने शिरकत कर अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगीं।तरावीह की नमाज में हाफि ज अब्दुल अलीम अंसारी साहब ने कुरान पाक मुकम्मल सुनाया। इस दौरान नमाज़ियों ने मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए खास तौर पर दुआ की।मौके पर मौजूद हाफि ज अलीमुद्दीन मसूदी ने रमजान और कुरान की फजीलत पर रोशनी डालते हुए कहा कि तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनना बहुत बड़ी नेमत और खुशनसीबी की बात है। उन्होंने कहा कि जो लोग तरावीह में कुरान सुनने का मौका पाते हैं, वे बेहद खुशकिस्मत होते हैं। उन्होंने बताया कि यह हमारे नबी का सदका है कि हमें अल्लाह का पाक कलाम सुनने और समझने का मौका मिलता है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि तरावीह अभी समाप्त नहीं हुई है। तरावीह में कुरान पाक सुनना एक अलग सुन्नत है, जबकि पूरे रमजान में तरावीह की नमाज अदा करना अलग सुन्नत है। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि रमजान के महीने में रोजा रखकर ज्यादा से ज्यादा समय इबादत में बिताएं और अल्लाह की रहमत हासिल करें।

इस दौरान मदरसा के मुतवल्ली मोहम्मद शमीम खान ने बच्चों को दुआएं दीं और उनकी कामयाबी के लिए अल्लाह से दुआ की। अंत में पूरे मुल्क के अमन-ओ-चमन और तरक्की के लिए सामूहिक दुआ कराई गई।इस मौके पर मो. जहीन खान (खजांची), मकसूद अहमद, फारूक अहमद, अब्दुल करीम, नियाज अहमद, अब्दुल कादिर, मो. रज्जू, वकील अहमद, अशरफ अली, अफरोज खान, बिन आमीन अंसारी, मुशीर खान, गुड्डू मिकाइल समेत गांव के तमाम लोग मौजूद रहे।

# रोली, महेश व अंशुल को यूपीएससी परीक्षा में मिली सफलता, क्षेत्र में खुशी की लहर

## मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के तीन होनहारों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी 2025) का परिणाम जारी होने के बाद जनपद बहराइच के तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के तीन होनहार छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही उनके घरों में खुशी का माहौल बन गया और बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर पंचायत मिहींपुरवा निवासी रोली मदेसिया, पुत्री संतोष मदेसिया ने यूपीएससी परीक्षा में 457वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। रोली के पिता संतोष मदेसिया व्यवसायी हैं और कपड़ों का व्यापार करते हैं। बेटी की इस उपलब्धि से परिवार और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है।इसी तरह भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र के गांव गौरा पिपरा निवासी महेश जायसवाल, पुत्र राजकुमार जायसवाल ने यूपीएससी में 590वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। महेश के पिता किसान हैं और खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं। उनकी सफलता से गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं तहसील क्षेत्र के उर्रा बाजार निवासी अंशुल अग्रवाल, पुत्र श्रवण अग्रवाल ने भी यूपीएससी परीक्षा में 799वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है इनके पिता के पास उर्रा गांव में कपड़े की दुकान है तहसील मिहींपुरवा के इन तीनों होनहारों की सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों और उनके शुभचिंतकों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# 12 होनहारों का आइडिया इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन

अमन लेखनी समाचार




बाबागंज, बहराइच। विज्ञान के क्षेत्र में नए विचारों को प्रोत्साहित करने वाली भारत सरकार के इंस्पायर अवार्ड योजना में विकासखंड नवाबगंज के 12 छात्रों का चयन हुआ है। यह योजना कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए चलाई जाती है इसके साथ छात्रों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और उन्हें नए प्रयोगों के लिए प्रेरित करना होता है इस वर्ष बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय स्कूल से 10 व 2 छात्र माध्यमिक स्कूल से चयनित हुए है।प्रति स्कूल से 5-5 छात्र प्रतियोगिता में शामिल हुए थे।जिसमे से उच्च प्राथमिक विद्यालय हकीम गांव से समाइल रजा 925, उच्च प्राथमिक विद्यालय केशवपुर मुराव से अमर 946 नें बाजी मारी है।खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा नें बताया है कि इंस्पायर अवार्ड योजना का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रूचि बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहित करना है। कक्षा 6 से 10 तक के छात्र इस योजना के लिए पात्र है। चयनित छात्रो कों 10-10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।एआरपी शैलेन्द्र कुमार सहित मो कलामुद्दीन,अजय मिश्रा, प्रदीप सिंह, पदमेंद्र सिंह, असलम हुसैन, इलियास अहमद, पंकज कुमार, राजितराम आदि शिक्षकों की मेहनत और बच्चों कों तैयारी कराते हुए उपलब्धि प्राप्त की। अरविन्द वर्मा,विनोद गिरि, सजल मिश्रा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, जीतेन्द्र शर्मा, वैभव सिंह, आलोक वर्मा, सरवन वर्मा, अब्दुल कदीर, जीतेन्द्र वर्मा, अनीश चौधरी नें सभी कों बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# आठ मार्च को आयोजित होगा अस्मिता लीग-खेलो इंडिया

## खेल से ही है पहचान कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

बहराइच।जिला युवा अधिकारी ने बताया कि युवाओं एवं महिलाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है, ताकि समाज में स्वस्थ जीवनशैली और खेल भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से युवा भारत (माय भारत), बहराइच, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च 2026 को प्रातः 08:00 बजे से इंदिरा गांधी स्टेडियम, बहराइच में ह्लअस्मिता लीग-खेलो इंडियाः खेल से ही है पहचानह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले खेलों में प्रमुख रूप से 100, 200 व 400 मीटर की दौड़ के साथ-साथ कई फन एक्टिविटीज शामिल होंगी। प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम आयु, 13 वर्ष से अधिक व 18 से कम आयु तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियॉ प्रतिभाग कर सकेंगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित छात्र का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। परीक्षा प्राधिकारी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-26 का बीते रविवार को परिणाम घोषित हुआ। इस परीक्षा में जनपद से 172 बच्चों ने छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की। मिली जानकारी के मुताबिक विकास क्षेत्र नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय देवरा में अध्ययनरत छात्र फरियाद अली पुत्र बाबादीन जनपद में 37 एवं आकृति यादव पुत्री लवकुश यादव जनपद में 41 वां स्थान प्राप्त किया। इस सफलता से विद्यालय के उत्तीर्ण फरियाद अली एवं आकृति यादव के सम्मान के लिए समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजकुमार एसएमसी अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथि रामकेवल के द्वारा विद्यालय व ग्राम सभा का मान बढ़ाने के उपलक्ष्य में मेडल, नगद पुरस्कार व माला पहनकर सम्मानित किया गया और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम



का सफल संचालन विद्यालय प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर शिक्षक कमल सेन, साजिद अली, लव कुश यादव, सुधीर कुमार, नसीबन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नेपालगंज में शांतिपूर्ण मतगणना जारी

## एमाले पार्टी के इश्तियाक राई सबसे आगे

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में हो रहे संसदीय चुनाव के तहत बृहस्पतिवार को नेपाली जनता ने बड़े उत्साह और हर्ष के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सीमावर्ती शहर नेपालगंज सहित पूरे क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।मतदान समाप्त होने के लगभग पांच घंटे बाद ही मतगणना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। जानकारी के अनुसार मतगणना बृहस्पतिवार की रात लगभग 11 बजे से शुरू होकर पूरी रात जारी रही।शुक्रवार शाम लगभग 6 बजे तक प्राप्त मतगणना के परिणामों के अनुसार नेपालगंज स्थित संसदीय क्षेत्र संख्या-2 में एमाले पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद इश्तियाक राई सबसे आगे चल रहे हैं। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार मोहम्मद इश्तियाक राई को 9,183 मत प्राप्त हुए हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुधांशु कोइराला को 6,871 मत मिले हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के विवेक कुमार श्रेष्ठ को 5,664 मत प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार एमाले पार्टी के प्रत्याशी इश्तियाक राई अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 2,312 मतों से बढ़त बनाए हुए हैं।यदि पूरे नेपाल में जारी मतगणना की बात की जाए तो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी कई क्षेत्रों में बढ़त बनाती हुई दिखाई दे रही है। हालांकि अंतिम परिणाम आने के बाद ही स्पष्ट स्थिति सामने आएगी।

# पेट्रोल डीजल खत्म होने की अफवाह पर तेल खरीदारी करने पहुंचे लोग

## पेट्रोल पंप पर हजारों लोग केन व ड्रम लेकर एक साथ पहुंचे

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। जनपद में डीजल पेट्रोल खत्म होने और उसके दाम दोगुनी होने की अफवाह पर ग्रामीण के क्षेत्र के लोग तेल भराने के लिए घरों से निकल पड़े और पेट्रोल पंप पर हजारों की संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। गिरजापुरी तथा मिहींपुरवा में स्थित पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखने को मिली। कुछ स्थानों पर तो पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाला तब भी भीड़ खत्म नहीं हुई।

इजराइल व ईरान के बीच हो रहे युद्ध के चलते भारत में डीजल पेट्रोल ना आने तथा तेल खत्म होने की अफवाह तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र में फैल गई जिसके बाद गिरजापुरी में स्थित पेट्रोल पंप तथा मिहींपुरवा में स्थित कई पेट्रोल पंपों पर हजारों की संख्या में लोग जरीकेन और ड्रम में तेल भरवाने के लिए इकट्ठा हो गए वहीं सूचना पर कुछ स्थानों पर पुलिस ने पहुंचकर लोगों को जागरुक करते हुए अफवाह से दूर रहने की बात कही बताया कि तेल का भंडारण भरपूर है और तेल के दामों में वृद्धि भी नहीं होगी लेकिन लोग अपनी जिद पर अड़े रहे और तेल भरवाते गए। खबर लिखे जाने तक पता चला है कि तहसील क्षेत्र के कई पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल पूरी तरह से खत्म हो गया है ग्राहकों को पेट्रोल पंप कर्मी वापस भेज रहे हैं।

# पुलिस चौकी में खुद को जलाने वाले युवक की मौत

## अलीगढ़ में भाई बोला- पत्नी ने दहेज उत्पीड़न की एफआईआर कराई थी,पुलिस टॉर्चर करती

अमन लेखनी समाचार



मनोज वर्मा, मृतक

अलीगढ़, पुलिस चौकी में आग लगाने वाले मनोज वर्मा (50) की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोप है कि उसका पत्नी से विवाद चल रहा था। इस मामले में पुलिस लगातार उसके घर पर दबिश दे रही थी। इससे परेशान होकर उसने रविवार को आग लगा ली थी। उसने इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल भर्ती कराया गया था। जहां से बात में उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया था। आज सुबह इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। 2015 में खुर्जा में हुई थी शादीमनोज वर्मा के भाई राजेन्द्र ने बताया- मनोज ड्राइवर का काम करता था। उसकी शादी 2015 में बुलंदशर के खुर्जा क्षेत्र से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक तो सबकुछ ठीक रहा लेकिन बाद में उनके बीच बात-बात कर झगड़ा होने लगा।जिसके बाद पत्नी घर छोड़कर चली गई थी उसने दहेज उत्पीड़न का केस कर दिया था। चार से मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इस मामले में कई बार समन जारी हो चुके हैं।भाई बोला- पुलिस कर रही थी टॉर्चर भाई का आरोप है कि पुलिस केस की जांच को लेकर घर पर रोज दबिश देती थी। मनोज के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग करती थी। मनोज इससे परेशान था। वह केस के सिलसिले में पुलिस से मिलने खैर कोतवाली क्षेत्र की कस्बा चौकी पहुंचा था। उसके बाद पता नहीं पुलिस ने उससे क्या क्या भाई ने खुद को आग लगा ली।वेंटिलेटर खाली न होने पर सफदरजंग अस्पताल में किया गया था रेफरपुलिस ने परिजन को आग लगाने की सूचना दी। जिसके बाद उसे पास के खैर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया। जहां से उसे जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां पर वेंटिलेटर खाली नहीं था। इसलिए भाई को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया गया। वहीं पर उसका इलाज चल रहा था। मनोज ने सोमवार सुबह करीब 5 बजे दम तोड़ दिया।भाई राजेन्द्र ने बताया- मनोज का पत्नी से विवाद चल रहा था।

# शाहजहांपुर में दबंगों का परिवार पर हमला

## बाइक में कट लगाने पर हुआ विवाद, महिलाओं पर भी बरसाईं लाठियां, फायरिंग का आरोप

अमन लेखनी समाचार

शाहजहांपुर ,दबंगों ने एक परिवार पर लाठी-डंडों से हमला किया। इस हमले में एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसमें गोली चलने की आवाज भी सुनाई दे रही है।विवाद की शुरूआत होली के दिन सुबह करीब चार बजे हुई थी। लालबाग चौढेरा निवासी सूरज अपनी बाइक से आखत डालने जा रहा था, तभी दबंगों ने अपने वाहन से उसकी बाइक में कट लगा दिया। इस पर दोनों पक्षों में बहस हुई, जिसे स्थानीय लोगों ने शांत करा दिया था। हालांकि, उसी दिन सुबह करीब दस बजे दबंगों ने सूरज के परिवार पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जब परिवार की महिलाएं बाहर आईं और विरोध किया, तो हमलावरों ने उन पर भी लाठियां बरसाईं। इस हमले में सूरज सहित परिवार के पांच लोग घायल हुए। मारपीट की यह पूरी घटना थाना आरसी मिशन क्षेत्र के लालबाग चौढेरा में हुई और सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। फुटेज में गोली चलने की आवाज भी स्पष्ट सुनाई दे रही है। घटना के बाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पीड़ित पक्ष ने थाने में कार्रवाई के लिए तहरीर दे दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला किया है, जिसमें पांच लोग घायल हुए हैं। पुलिस को तहरीर मिल गई है और मामले की जांच की जा रही है।



# रूपईडीहा पुलिस की मेहनत लाई रंग

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चरस तस्करी के दो अभियुक्तों को 12-12 वर्ष का कारावास

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। जनपद बहराइच में चलाए जा रहे ह्लऑपरेशन कन्विक्शनह्व अभियान के तहत थाना रुपईडीहा पुलिस व मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय की प्रभावी पैरवी के चलते चरस तस्करी के मामले में दो अभियुक्तों को न्यायालय ने कड़ी सजा सुनाई है। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में चिन्हित अपराधों में त्वरित व अधिकतम सजा दिलाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि थाना रुपईडीहा पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने गश्त व चेकिंग के दौरान एसएसबी चेकपोस्ट पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। इस दौरान नेपाल निवासी दो महिलाओं चंद कुमारी रेन्मी और संच माया तमाड़ शेर्पा को कुल 05 किलो 900 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में थाना रुपईडीहा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना उपनिरीक्षक विजय कुमार द्वारा पूरी कर 22 फरवरी 2024 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान थाना रुपईडीहा पुलिस, मॉनीटरिंग सेल, पैरोकार आरक्षी अभिमन्यु कुमार, कोर्ट मोहर्रिर हे0का0 चन्दा देवी तथा विशेष लोक अभियोजक प्रेम प्रकाश मिश्र द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 05 मार्च 2026 को अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय/एनडीपीएस एक्ट न्यायालय बहराइच ने दोनों अभियुक्तों को दोषी पाते हुए प्रत्येक को 12 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 1,25,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया है कि अर्थदण्ड अदा न करने की स्थिति में प्रत्येक अभियुक्त को 1 वर्ष 2 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# आबकारी विभाग की छापेमारी, 30 लीटर शराब जब्त

## 400 किलो महुआ लहन बरामद, चार आरोपियों पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , आबकारी विभाग ने होली पर्व से पहले अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। लालगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 30 लीटर अवैध शराब और 400 किलोग्राम महुआ लहन बरामद किया गया। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर और जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश्वर नाथ सिंह के निर्देश पर की गई। आबकारी विभाग की टीम ने पूरे फटे और ग्राम रामपुर बावली में दबिश दी। छापेमारी के दौरान मौके से भारी मात्रा में अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला महुआ लहन भी जब्त किया गया। अवैध शराब के कारोबार में लिप्त पाए गए चार व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है इस अभियान का नेतृत्व आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने किया, जिसमें विभाग की टीम भी शामिल रही। प्रशासन ने आगामी होली त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## संक्षेप

### दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर टूरिस्ट बस में लगी आग

बागपत , जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक टूरिस्ट बस में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। यह घटना बवाली गांव के पास हुई। बस में ड्राइवर सहित कुल छह लोग सवार थे, जो समय रहते सुरक्षित बाहर निकल गए। ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी छह लोगों की जान बच गई। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे कर यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया। बस चालक सहेंद्र पाल ने बताया कि वह कंपनी के कर्मचारियों को लेने मुजफ्फरनगर गए थे और वहां से बागपत की ओर लौट रहे थे। बवाली गांव के समीप अचानक बस से धुआं निकलने लगा। उन्होंने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और धुआं तेज होते देख सभी यात्रियों को बाहर निकाल दिया। कुछ ही देर में पूरी बस आग का गोला बन गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। चालक सहेंद्र पाल की सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और छह लोगों की जान बच गई।

### बड़गांव में युवक से मारपीट, बाइक रोकी

बागपत , बड़गांव में अपनी मौसी के घर जा रहे एक युवक के साथ दो लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने युवक की बाइक रोककर उसे गिरा दिया और पिटाई की। इस दौरान बीच-बचाव करने आईं मौसी को भी धक्का देकर गिरा दिया गया। पीड़ित ने खेकड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।यह घटना सोमवार रात 9 बजे की है। मेरठ की शाहजहां कॉलोनी निवासी जुबेर पुत्र इकरामुद्दीन अपनी मौसी सामा के घर बड़गांव जा रहा था। जैसे ही वह मौसी के घर के पास पहुंचा, दो युवकों ने उसकी अपाचे बाइक रोक ली। आरोपियों ने जुबेर की बाइक गिरा दी और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जुबेर की मौसी सामा मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगीं।आरोपियों ने उन्हें भी धक्का देकर नीचे गिरा दिया। मारपीट के बाद जुबेर अपनी जान बचाकर वहां से भागा। जुबेर ने बताया कि उसे भी काफी चोटें आई हैं।इस घटना के बाद पीड़ित जुबेर ने खेकड़ा थाने में दोनों युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 22 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

बागपत , पुलिस ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। छपरौली थाना पुलिस ने 2 मार्च को चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 22 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से अवैध शराब मिली, जिसके बाद आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामकुमार उर्फ बुल्ली पुत्र सुक्कन के रूप में हुई है। वह ग्राम ककोर कलाँ, थाना छपरौली, जनपद बागपत का निवासी है।पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# प्रीतिभोज के बाद 26 लोग बीमार

## सभी की हालत में सुधार, स्वास्थ्य टीम आज करेगी जांच

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , मांडा ब्लॉक क्षेत्र के बनवारी खास गांव में अखंड रामायण के समापन पर आयोजित प्रीतिभोज के बाद एक ही परिवार और उनके रिश्तेदारों सहित 26 लोग बीमार पड़ गए। उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत के बाद सभी को विभिन्न सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार, फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति खतरे से बाहर है और उनमें सुधार हो रहा है। यह घटना बनवारी खास निवासी रामतीर्थ दुबे के घर हुई। उनके यहां 2 फरवरी को अखंड रामायण पाठ शुरू हुआ था, जिसका समापन अगले दिन मंगलवार, 3 फरवरी को हुआ। समापन के बाद शाम को प्रीतिभोज का आयोजन किया गया था, जिसमें परिवार और नात-रिश्तेदारों सहित लगभग 26 लोग शामिल हुए थे। भोजन करने के कुछ समय बाद ही कई लोगों को उल्टी, दस्त और तेज बुखार की शिकायत होने लगी। बताया गया कि कार्यक्रम में शामिल सात रिश्तेदार रात में ही अपने घर खुरमा, बोदा, रामपुर और मिजार्पुर लौट गए थे। घर पहुंचते ही उनकी हालत बिगड़ने लगी और उन्हें तत्काल आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा। इधर, गांव में भी कई लोगों की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। इंद्रावती देवी (75), निर्मला देवी (55), खुशी दुबे (17), प्रीती (36) और अंतिमा (20) को पहले लालगंज सीएचसी ले जाया गया था। हालत में विशेष सुधार न होने पर बृहस्पतिवार दोपहर उन्हें मांडा सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. रियाजुद्दीन और फार्मासिस्ट महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मरीजों का इलाज कर रहे हैं। दूसरी ओर, लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 14 लोगों का उपचार चल रहा है। इनमें रामतीर्थ दुबे (85), माधव प्रसाद (58), शिवपूजन (32), संजय प्रसाद दुबे (50), विपिन दुबे (26), अंकित दुबे (31), प्रभुदत्त दुबे (35), सरोज दुबे (40), रोशन (25), प्राची दुबे (14), गौरव (12), तारावती (85) और चार वर्षीय रिद्धि सहित अन्य शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग की एक टीम आज (शुक्रवार) दोपहर 1 बजे गांव का दौरा करेगी और मामले की विस्तृत जांच के लिए नमूने एकत्र करेगी।

# दिनदहाड़े युवती के अपहरण पर बवाल, चक्काजाम

## नाराज परिजन कर रहे प्रदर्शन, विधायक भी मौके पर पहुंचे

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , मेजा थाना क्षेत्र के ऊंचडीह चौराहे के पास शुक्रवार को दिनदहाड़े एक 20 वर्षीय युवती का अपहरण कर लिया गया। इस घटना के बाद मांडा और मेजा थाने की पुलिस के बीच सीमा विवाद को लेकर हुई देरी से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने राजमार्ग पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। मांडा थाना क्षेत्र निवासी ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उनकी बड़ी बेटी और छोटी बेटी सोनाई स्थित दुकान से सामान लेने गई थीं। सामान लेकर लौटते समय रास्ते में एक वैन से आए अज्ञात बदमाशों ने युवती का मुंह दबाकर उसे जबरन गाड़ी में खींच लिया और फरार हो गए। बदमाशों ने छोटी बहन को धक्का देकर मौके से भगा दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि वारदात मेजा और मांडा थाने की सीमा के पास हुई थी, जिसके कारण पुलिस कुछ समय तक सीमा विवाद में उलझी रही। इस बात से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ देर तक यातायात बाधित रहा। मामले की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक संदीप पटेल भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से बात की और पुलिस अधिकारियों से जल्द कार्रवाई की मांग की। सूचना पर एसीपी मेजा संत प्रकाश उपाध्याय और प्रभारी निरीक्षक दीनदयाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त कराया गया।

# चलती कार पर स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

## युवक कार की छत और खिड़कियों पर चढ़े, पुलिस आरोपियों को तलाश रही

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ।चलती कारों से स्टंट करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यह घटना कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के पर हुई, जहां कुछ युवक चलती गाड़ियों की छतों और खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंट करते दिखे। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और इन युवकों की तलाश शुरू कर दी है। वायरल वीडियो में कई कारों में सवार युवक सड़क पर हुटर बजाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान उन्होंने यातायात नियमों का उल्लंघन किया, जिससे सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवकों की इस हरकत से कुछ समय के लिए सड़क पर अव्यवस्था फैल गई। वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने इस पर आपत्ति जताई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। कंकरखेड़ा पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# व्यापारियों ने लोकेश खुराना के खिलाफ दी तहरीर

## सेंट्रल मार्केट के ध्वस्तीकरण प्रकरण को लेकर सरकार की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सेंट्रल मार्केट में चल रहे ध्वस्तीकरण प्रकरण को लेकर सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों ने एक्टिविस्ट लोकेश खुराना के खिलाफ नौचंदी थाने में तहरीर दी है। उनका आरोप है कि उनके द्वारा डाली गई आरटीआई से व्यापारियों के आर्थिक मानसिक सामाजिक उत्पीड़न और सरकार की छवि धूमल करने का प्रयास किया गया है। व्यापारियों को मिला है 6 हफ्ते का समय माननीय न्यायालय ने व्यापारियों को आवासीय प्लॉट में चल रही कमर्शल गतिविधियों को बंद करने और आवास विकास को प्रतिष्ठानों को ध्वस्त करने के लिए 27 जनवरी को 6 हफ्तों का समय दिया था। वह समय अब पूरा होने वाला है इसके चलते व्यापारियों ने अब लोकेश खुराना के खिलाफ तहरीर दी है।

### हर प्रकार से कर रहे विरोध

व्यापारी इस ध्वस्तीकरण के आदेश का हर प्रकार से विरोध कर रहे हैं। अपने प्रतिष्ठानों को बचाने के लिए कभी वह बाजार बंद करके पंचायत करते हैं तो कभी भगवान से प्रार्थना करते हुए सुंदरकांड करते इसके बाद भी अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

सरधना विधायक अतुल प्रधान ने जब सदन में सेंट्रल मार्केट का मुद्दा उठाया था तो उसके बाद व्यापारियों ने बाजार में समाजवादी पार्टी के झंडे भी लगा दिए थे । उन्होंने कहा था कि किसी भी भाजपा के जनप्रतिनिधि ने अभी तक उनके पक्ष में कोई कार्य नहीं कराया है, जिससे यह ध्वस्तीकरण बच सके और अतुल प्रधान ने हमारी आवाज उठाई है इसके चलते हम समाजवादी पार्टी को समर्थन कर रहे हैं। लेकिन कुछ ही देर बाद भाजपा पार्षद और कुछ अन्य लोगों ने वे झंडे हटवा दिए थे

### लगभग 700 प्रतिष्ठानों पर गिरी है गाज

सेंट्रल मार्केट में लगभग 700 दुकान इस दोस्तीकरण की चपेट में आ रही है इसके चलते यदि ऐसा होता है तो शहर का एक प्रतिष्ठित बाजार बिल्कुल खत्म हो जाएगा इसलिए व्यापारी इसको बढ़ाने की लगातार गुहार लगाते आ रहे हैं

# पति ने पत्नी की ऑनलाइन बोली लगाई

## मारपीट कर कान का पर्दा फाड़ा, शारीरिक यातना का आरोप

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, एक रेलवे कर्मचारी पर अपनी पत्नी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर उसकी ऑनलाइन बोली लगाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने पति पर लगातार शारीरिक और मानसिक यातनाएं देने और मारपीट कर कान का पर्दा फाड़ने का भी आरोप लगाया है। यह मामला कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र का है। कंकरखेड़ा के नंदपुरा निवासी आरती की शादी तीन साल पहले लाल कुर्ती थाना क्षेत्र के कसेरू खेड़ा निवासी संदीप से हुई थी। संदीप रेलवे में कार्यरत है। आरती का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही संदीप ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।आरती ने बताया कि संदीप और उसकी मां रानी, नंद छाया व रेशमा शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पीड़िता के अनुसार, एक साल पहले संदीप ने उसे आठ दिनों तक एक कमरे में बंधक बनाकर रखा था। इस दौरान उसे गर्म चिमटों से दागा गया और अमानवीय तरीके से भोजन दिया गया। आरती के परिवार को जब इस घटना की जानकारी मिली, तो उन्होंने उसे बंधन मुक्त कराया और अपने साथ ले गए। छह महीने पहले रिश्तेदारों ने दोनों के बीच एक लिखित समझौता भी कराया था। हालांकि, समझौते के कुछ समय बाद ही संदीप ने आरती को दोबारा यातनाएं देनी शुरू कर दीं। हाल ही में, संदीप पर आरती को इतनी बेरहमी से पीटने का आरोप है कि उसके कान का पर्दा फट गया। आरती के शरीर पर मारपीट के कई निशान भी पाए गए हैं। लगातार हो रहे उत्पीड़न से तंग आकर आरती अपने मायके चली गई है और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।



# गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध

## 300% बढ़ोतरी पर 15 दिन में फैसला वापस लेने की मांग

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , हाउस टैक्स बढ़ोतरी के खिलाफ व्यापारियों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर नगर निगम के इस फैसले पर सवाल उठाए। महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने गाजियाबाद में यह प्रेस वार्ता आयोजित की। संगठन ने नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई लगभग 300 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी का विरोध किया। व्यापार मंडल का कहना है कि वे शहर के विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन एक साथ इतनी अधिक वृद्धि जनता पर अनावश्यक बोझ डालेगी। संगठन ने मांग की है कि हाउस टैक्स में बढ़ोतरी अधिकतम 10 से 20 प्रतिशत तक ही सीमित रखी जाए। उनका तर्क है कि पहले से बढ़ती महंगाई के बीच इतनी बड़ी टैक्स वृद्धि आम लोगों और व्यापारियों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बनेगी। व्यापार मंडल ने जनप्रतिनिधियों से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर दिया कि यदि नगर निगम की बोर्ड बैठक में कोई निर्णय लिया गया है, तो उसका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए, अन्यथा इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध माना जाएगा। संगठन ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और टैक्स बढ़ोतरी में शामिल अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की भी मांग की है व्यापार मंडल ने सरकार और प्रशासन को इस फैसले को वापस लेने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि इस अवधि में बढ़ोतरी वापस नहीं ली जाती है। तो बड़े स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया जाएगा। व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि वे शहर के विकास के पक्षधर हैं, लेकिन नागरिकों और व्यापारियों के हितों से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे।

# वहिप कार्यकर्ता से अभद्रता पर हंगामा, दो सिपाही लाइन हाजिर

## चेकिंग के नाम पर की थी अभद्रता, थाने में हुआ जमकर हंगामा, एसएसपी का एक्शन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ में विहिप कार्यकताओं से अभद्रता करने पर एसएसपी ने दो सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। इन सिपाहियों ने चेकिंग के नाम पर विहिप कार्यकताओं की बाइक रोकी और उनके साथ अभद्रता करते हुए बाइक जबरन सीज करा दी। मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचा, जिसके बाद एसएसपी ने दोनों सिपाहियों को शुरूआती जांच में दोषी पाते हुए गाज गिरा दी। देर शाम बाइक भी रिलीज कर दी गई। पहले एक नजर पूरे विवाद पर दोपहर पुलिस का शहर में चेकिंग अभियान चल रहा था। बेगमपुल पर अभियान के दौरान एक बुलेट पर सवार तीन युवक वहां से निकले। चेकिंग कर रहे सिपाही रितेंदर और राम किशन राठी ने रुकने का इशारा किया लेकिन युवकों ने बाइक दौड़ा दी। दोनों सिपाहियों ने अपनी बाइक से उनका पीछा किया और आबू प्लाजा परिसर में दोनों को दबोच लिया। सिपाहियों से युवकों की नोंकझोंक पुलिस द्वारा बाइक पकड़े जाने का युवकों ने विरोध कर दिया। उन्होंने कहा कि वह कोई असामाजिक तत्व नहीं हैं। वह बजरंग दल के कार्यकर्ता हैं। आरोप है कि सिपाही आग बबूला होने लगे। उन्होंने युवकों की बात सुनने से इनकार कर दिया। देखते ही देखते उनके बीच नोकझोंक शुरू हो गई। पुलिसकर्मी तीनों युवकों को बुलेट बाइक सहित थाने लेकर आ गए।फोन कर विहिप नेताओं को बुलायासिपाहियों ने थाने लाकर बाइक सीज करा दी। इसके बाद युवकों ने भी फोन कर विहिप नेताओं को मामले से अवगत कराया। कुछ ही देर में विश्व हिदू परिषद से विभाग मंत्री सुधीर अग्रवाल, महानगर विमर्श प्रमुख नमन अग्रवाल, महानगर संयोजक हिमांशु शर्मा, महानगर मंत्री पवन कश्यप आदि कार्यकताओं को लेकर थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यहां भी दोनों सिपाहियों की विहिप कार्यकताओं से खूब झड़क हुई।

# गौतमबुद्ध नगर प्रशासन की पहल

## खाड़ी देशों में फंसे नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, मांगा गया ब्यौरा




अमन लेखनी समाचार

नोएडा, खाड़ी देशों में गौतमबुद्ध नगर के कई लोग हो सकते है। ऐसे में जिला प्रशासन ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया है। इस नंबर पर फोन करके उन लोगों का विवरण प्रशासन ने मांगा है जो वहां निवासरत, कार्यरत, यात्रा पर गए हुए, फंसे हुए हैं या हाल ही में वहां से भारत लौटे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इसका उद्देश्य प्रभावित नागरिकों की सुरक्षा, त्वरित संपर्क एवं आवश्यक सहायता सुनिश्चित करना है। ऐसे में यदि आपके परिवार, रिश्तेदारी या परिचय का कोई व्यक्ति खाड़ी देशों में है, तो उसका विवरण संबंधित तहसील/उपजिलाधिकारी कार्यालय या प्रशासन द्वारा निर्धारित माध्यम से जल्द से जल्द उपलब्ध करा सकते हैं।

# नोएडा पुलिस ने 111 मोबाइल तलाश कर दिए

## भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों मेट्रो से हुए थे गुम; सर्विलांस के जरिए मिले

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, कोतवाली फेज दो पुलिस ने सर्विलांस की मदद से लोगों के गुम हुए 111 मोबाइल फोन ढूंढ लिए। होली के पहले पीड़ितों को मोबाइल सौंपकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई गई। गुम हुए मोबाइल पाकर पीड़ितों के चेहरे खिल उठे। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गुमशुदा मोबाइल पर काम किया जा रहा था। भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बाजारों, ऑटो, बसों, मेट्रो आदि से गुम होने वाले मोबाइल फोन की थानों पर आने वाली सूचनाओं को एकत्र किया गया। इसके बाद पुलिस की टीम ने उन मोबाइल को सर्विलांस व अन्य माध्यमों से पता करना शुरू किया।इसके बाद गुम हुए मोबाइल का इस्तेमाल करने वाले लोगों से पुलिस ने संपर्क किया और बताया कि आप दूसरे का मोबाइल इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके बाद करीब 111 ऐसे मोबाइल को पुलिस ने ढूंढ लिया। इनमें बड़ी संख्या में मोबाइल ऐसे लोगों के पास थे जिन्हें राह चलते मोबाइल फोन मिल गया था और उन्होंने सस्ते दाम पर बेच दिए थे। डीसीपी ने बताया कि 111 मोबाइल फोन बरामद कराने में फेज टू पुलिस की टीम ने बेहतरीन काम किया है। जुलाई महीने में 100 और इससे पहले भी 57 मोबाइल एक साथ पीड़ितों को वापस दिलाया गया था।ईएमआई पर फोन लेने वालों को दोहरी खुशीजिन लोगों के मोबाइल पुलिस ने ढूंढे हैं। इनमें कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने ईएमआई पर मोबाइल खरीदे थे लेकिन उनका मोबाइल गुम हो गया था। ऐसे लोग मोबाइल का इस्तेमाल भी नहीं कर रहे थे और ईएमआई भी दे रहे थे।



# ग्रेटर नोएडा में बिजली के करंट से मजदूर की मौत

## परिजनों का मुआवजे और कार्रवाई की मांग को लेकर बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



जेवर ,ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के उस्मानपुर गांव में 11 हजार वोल्ट बिजली का करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने मुआवजे और बिजली कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर भट्टा गांव स्थित बिजली कार्यालय पर शव रखकर प्रदर्शन किया। गांव निवासी 38 वर्षीय ताज मोहम्मद मकानों की चिनाई का काम करते थे। वह गांव में ही एक निमार्णाधीन मकान में काम करने पहुंचे थे। काम के दौरान वह दीवार पर लटके बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे वह बुरी तरह झुलस गए। परिजनों ने उन्हें ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बिजली घर पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बिजली के करंट से पहले भी करीब 10 लोग घायल हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद बिजली के तारों को ठीक नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीओ, जेई और अन्य कर्मियों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

## संक्षेप

### भारतीय जनभाषा प्रचार समिति का जश्न-ए-सुखन आयोजित

अमन लेखनी समाचार

ठाणे :साहित्यिक संस्था भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ठाणे के तत्वावधान में साहित्यिक सहल जश्न-ए-सुखन मिश्रावाड़ी भताने गांव नियर-नंदनवन रिसार्ट, विरार पूर्व जिला पालघर में आयोजित किया गया ।इस कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी संस्था उपसचिव सुशील कुमार शुक्ल 'नाचीज' की थी ।उक्त कार्यक्रम में भारतीय जन भाषा प्रचार समिति के साथ संगीत साहित्य मंच,नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान एवं काव्य सृजन परिवार साहित्यिक संस्था मुंबई ने सहभागिता सुनिश्चित की ।भारतीय जनभाषा के चेयरमैन रामप्यारे सिंह 'रघुवंशी' का सम विचारी संस्थाओं को लेकर चलने का ध्येय अद्भुत रहा है ।वहीं संस्था के नौजवान अध्यक्ष विनय कुमार सिंह 'विनम्र' की भूमिका भी काबिल-ए- तारीफ रही।

### आदिवासी पारधी समाज के बच्चों ने अनोखे अंदाज में मनाई हाली

मुंबई: पिछले दो दिनों से पूरे देश में रंगपंचमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुंबई और थाने, नवी मुंबई में होली का पर्व जहां मंगलवार को मनाया गया वहीं उत्तर भारत में आज बुधवार को होली का पर्व मनाया गया। इसी तरह समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों द्वारा अपनी अपनी प्रथा और मान्यता के अनुसार दिवाली मनाई गई। वहीं मुंबई, नवी मुंबई, थाने, पालघर के उत्तर भारतीय बाहुल्य इलाकों में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। जगह जगह फगुआ गीत और भांग की ठंडई पीकर लोगों ने एकदूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। ठीक इसी तरह घनसोली, म्हापे आदिवासी पारधी समाज की बस्तियों में मुंबई नवी मुंबई आदिवासी पारधी महासंघ के अध्यक्ष सन्तोष एकनाथ पवार ने आदिवासी पारधी समाज के बच्चों के बीच अनोखे अंदाज में होली मनाई। इस दौरान समाज को शिक्षा की ओर जागरूक करने के लिए बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया।

## भाजपा युवा नेता डॉ नितेश राजहंस सिंह का कान्यकुब्ज ब्राह्मण मंडल ने किया सत्कार

अमन लेखनी समाचार




मुंबईःकान्यकुब्ज ब्राह्मण मंडल मुंबई द्वारा भाजपा युवा नेता डॉ. नितेश राजहंस सिंह को मुंबई महानगरपालिका में स्वीकृत नगरसेवक नियुक्त किए जाने के अवसर पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कान्यकुब्ज ब्राह्मण मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शुक्ला ने डॉ. सिंह के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुक्ला ने कहा कि डॉ नितेश सिंह के स्वीकृत नगरसेवक बनाए जाने पर कुर्ला एल वार्ड का चहुंमुखी विकास होगा। अपने भाषण में डॉ. नितेश सिंह ने कहा कि वे 2007 से लगातार इस क्षेत्र में कार्यरत हैं और इस क्षेत्र की समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए उल्लेख किया कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने फेरीवालों की नीति पर स्पष्ट रुख अपनाया है। फेरीवालों के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अवैध रुप से फेरी का धंधा करने वाले और घुसपैठ के मामलों में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए राज्य स्तर पर ( पॉलिसी) बनाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकृत रूप से लाइसेंस वाले फेरीवालों को डरने की जरूरत नहीं है। उन्हें उनका अधिकार मिल कर रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे झोपड़पट्टी वाले इलाकों में रहने वाले गरीब उत्तर भारतीय नागरिकों की समस्या को हर संभव सुलझाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. नितेश सिंह ने होली के अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और ₹बुरा न मानो, होली है₹ का संदेश दिया। मेहमानों का स्वागत अजय शुक्ल और कान्यकुब्ज ब्राह्मण मंडल के अन्य पदाधिकारियों ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर सफीपुर मार्ग पर बाइक पेड़ में टकराने से पानी के बतासे का ठेला लगाने वाले विक्रेता की मौके पर हुई मौत ।मृतक मरौंदा गांव में किराये पर रहकर पानी बतासे की दुकान की दुकान लगाता था अरविन्द 29 वर्ष पुत्र रामबहादुर ग्राम इकउना कालपी थाना कदउरा जिला जालौन का रहने वाला था जो अपने गांव के तीन लड़को के साथ मरौंदा गांव में किराये पर रहकर पानी बतासे की दुकान चलता था ।जो गुरुवार की साम 7बजे किसी काम से अपने दोस्त बल्लू के साथ परियर जा रहा था तभी अचानक बाइक सफीपुर परियर मार्ग पर पेड़ से टकरा गईं। जिसमे अरविन्द की मौके पर ही मौत हो गईं। जिसकी सूचना साथ में रह रहे दोस्तों के द्वारा अरविन्द के घर पर की गईं ।परिजन मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी अपने पैतृक गांव ले गए ।परिवार जन पोस्टमार्टम के लिए सहमत नहीं थे।

## ककरवई में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

### वीरेंद्र सिंह यादव के कृषि फार्म हाउस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



ककरवई, झांसी। ग्राम ककरवई में प्रेम, उत्साह और उमंग के पर्व होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वीरेंद्र सिंह यादव (बीरू ककरवई) के कृषि फार्म हाउस पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम आयोजक वीरेंद्र सिंह यादव ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर पं. अभय त्रिपाठी एडवोकेट (अध्यक्ष, जन जागरण सेवा संस्थान), रामभरोसे पेंटर, दीपेन्द्र सिंह परिहार एडवोकेट, विपिन दुबे एडवोकेट, राजेन्द्र सिंह बुंदेला (जिला महासचिव कांग्रेस), हेमंत यादव (पत्रकार), अशोक सेन (जिला महामंत्री कांग्रेस), धर्मपाल सिंह परमार (बुंदेली कवि), रघुवीर यादव, नवीन त्रिपाठी, गोविंद प्रतीक, राजकुमार तिवारी, देवेंद्र यादव (हीरानगर), रामनाथ यादव (कचीर), चंदन सिंह यादव (अध्यापक), प्रभात प्रजापति, हरनारायण प्रजापति, नरेश प्रजापति, पुष्पाल सिंह पाल, महेंद्र रैकवार (पत्रकार), काशी प्रसाद वर्मा, घनश्याम वर्मा, आशाराम प्रजापति, प्रवीण प्रजापति, राघवेंद्र प्रजापति, अमर सिंह यादव, जितेन्द्र कुशवाहा, कक्कू रायकवार, सागर यादव, मोनू वर्मा, आनंद अहिरवार, धीरेन्द्र यादव, उमाशरण गुप्ता, सुरेश जैन, साधुराम साहू सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ होली का पर्व मनाते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## शौच क्रिया कर रहा किशोर नहर में गिरा, पानी में डूबने से मौत

अमन लेखनी समाचार /पथिक पांडे



उन्नाव। कोतवाली पुरवा क्षेत्र के मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी स्व० राकेश का सात वर्षीय बेटा प्रियांशु शुक्रवार शाम लगभग चार बजे घर से नित्य क्रिया की बात कहकर निकला था। प्रियांशु शारदा नहर पुरवा ब्रांच के पास पहुंचकर शौच क्रिया कर रहा था। तभी उसका पैर फिसलने से वह नहर के पानी में गिर गया। प्रियांशु को पानी में डूबता देख आसपास के लोगों ने पानी में कूदकर प्रियांशु को बाहर निकाला और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की सूचना पर सीएचसी पहुंची मां शशि बेटे का शव देखकर बेहाल हो गई ।शशि ने बताया कि पति की बीमारी से लगभग कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। वहीं एक बेटे की भी तीन वर्ष पूर्व टीबी की बीमारी से मौत हो चुकी है। प्रियांशु तीन भाई व दो बहनों में सबसे छोटा था। प्रियांशु की मौत से मां शशि, भाई शिवा, बहन खुशी, दीपिका बेहाल थी। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी सियाराम चौरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है ।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेलों के जरिए महिला सशक्तिकरण की पहल

अमन लेखनी समाचार /उमेश दीक्षित




हमीरपुर ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च 2026 को हमीरपुर के राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्मिता (अरटकळअ) लीग के अंतर्गत महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय खेल प्राधिकरण (रअक) के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी हमीरपुर मेरा युवा भारत, क्रीड़ा अधिकारी हमीरपुर तथा कोच दुर्गा प्रसाद के समन्वय से किया जाएगा। स्मिता लीग का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा खेलों में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग—अंडर-13, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक-में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस प्रकार कुल 9 दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके अलावा प्रतिभागियों के लिए एक विशेष एंगेजमेंट गतिविधि भी आयोजित की जाएगी ।कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अधिक से अधिक महिला प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, एनएसएस, एनसीसी और भारत स्काउट एवं गाइड का सहयोग लिया जाएगा। प्रतियोगिता स्थल पर चिकित्सा सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से एम्बुलेंस और चिकित्सक दल तैनात रहेगा, जबकि प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन के लिए क्रीड़ा अधिकारी द्वारा रेफरी और कोच की व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और खेल संस्थानों से अपील की है कि अधिक से अधिक बालिकाएं और महिलाएं स्मिता (अरटकळअ) पोर्टल पर पंजीकरण कर इस प्रतियोगिता में भाग लें और महिला सशक्तिकरण के इस अभियान को सफल बनाएं।

## सिया में भव्य होली मिलन समारोह, फाग एवं राई नृत्य ने बांधा समां



अमन लेखनी समाचार

ककरवई (झांसी)।ग्राम सिया में होली मिलन समारोह, बुंदेलखंडी फाग एवं राई नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चकाडोरी धाम के महंत राकेशदास महाराज, नगर पंचायत गरौठा के अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, महेश विदुआ, हरीश व्यास, नीरज शर्मा, राममोहन दुबे, ग्राम प्रधान प्रवेंद्र सिंह चौहान, पत्रकार चंद्रप्रकाश द्विवेदी, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम आयोजक विकास तिवारी ने सभी अतिथियों का फूलमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मिलन समारोह मनाया। रात्रि में फाग सम्राट राजेंद्र गुर्जर एंड पार्टी द्वारा बुंदेलखंडी फाग गीत एवं राई नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। सभी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

# राजधानी में होली मिलन की धूम, एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं

## प्रदेश कार्यालय पर कांग्रेसियों नें मनाया होली मिलन समारोह




अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** होली के अवसर पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली का यह पर्व समाज में प्रेम, एकता, भाईचारा और सौहार्द का संदेश देता है। होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अविनाश पांडे ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा हमेशा से आपसी सद्भाव, प्रेम और भाईचारे की रही है। होली का यह पावन पर्व हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि होली का पर्व हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। हमें इस पर्व को मिल-जुलकर मनाते हुए समाज में प्रेम और भाईचारे को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूत करें तथा प्रदेश में भाईचारे और सद्भाव का वातावरण बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं।

आज के होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश धीरज गुर्जर, तौकीर आलम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चाचा अमीर हैदर, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, कमल किशोर कमाण्डो, अम्बार रिजवी, एपी गौतम, पूर्व मंत्री राज बहादुर, मुईद अहमद, सतीश शर्मा, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, गजराज सिंह, गयादीन अनुरागी, पूर्व एमएलसी विवेक बंसल, दीपक सिंह, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, नि. वर्तमान प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, जय करन वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष रूद्र दमन सिंह बब्लू, शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, मनीष हिंदवी, प्रियंका गुप्ता, प्रदीप सिंह एड., सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में कांग्रेस नेता कार्यकर्ता एवं समर्थकों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

## संगीत भवन में बही फागुनी गीतों की रसधार

**लखनऊ।** लोक संस्कृति शोध संस्थान की फागोत्सव शृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को गोमतीनगर के विवेक खण्ड स्थित संगीत भवन में



आयोजित होली संगीत बैठकी में फागुनी गीतों की मधुर रसधार बही। लोकधुनों और पारम्परिक फागों की मनोहारी प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को फागुनी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। लोक गायिका देवेश्वरी पंवार ने पर्वतीय लोकधुनों से श्रोताओं को भावविभोर किया।

वरिष्ठ गायिका सौम्या गोयल ने होरी खेलो री राधे संभाल के प्रस्तुत कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। इसके बाद आद्रिका मिश्रा, अविका गांगुली, अथर्व श्रीवास्तव, भूमि पाण्डेय, आस्था पाण्डेय, प्रवीन गौर, सौम्या गोयल, नुपूर सिंह, नीलिमा गौर, सुमन मिश्रा तथा स्मिता पाण्डेय ने सामूहिक रूप से उड़े बृज में गुलाल, राधा रानी की रंग गई सारी, होरी खेलें बनवारी जैसे लोकप्रिय फाग गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी। सौरभ कमल ने पारम्परिक फाग फगुनवा बीता जाए सोनरवा पायल हमारी ना लाए सुनाया, वहीं ज्योति किरन रतन ने कोरी गई यदि होरी हमारी गाकर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की।

## 'धनक' बैंड की धुनों पर श्री अग्रवाल समाज ने मनाया होली मिलन



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** महानगर स्थित गोल्डन सेलिब्रेशन लॉन में शुक्रवार को श्री अग्रवाल समाज, लखनऊ द्वारा भव्य 'होली मिलन एवं रंगारंग कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस उत्सव में समाज के सैकड़ों सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आपसी भाईचारे और सामंजस्य की मिसाल पेश की।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक नीरज बोरा, एमएलसी अशोक अग्रवाल, मुख्य संरक्षक सुरेश अग्रवाल एवं अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं सामूहिक आरती के साथ किया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण शीलू श्रीवास्तव का 'धनक स्वदेशी बैंड' रहा, जिसकी सुरीली स्वर लहरियों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके साथ ही श्री राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी और उनके नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम का समापन पारंपरिक और सौहार्दपूर्ण तरीके से 'फूलों की होली' खेलकर किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। इस मौके पर मुख्य रूप से मुख्य संरक्षक सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, महामंत्री पवन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश मित्तल, उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक भारत भूषण गुप्ता इसके अलावा सुनील अग्रवाल 'सोनू' समारोह में लखनऊ जनपद की विभिन्न अग्रवंशिय सभाओं से आए अतिथियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वरुचि भोज और विशेष व्यंजनों का आनंद लिया।

## स्पेशल कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** होली और चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में कॉटन एंड सिल्क फैब प्रदर्शनी 2026 का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार ने किया। इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में खरीदार मौजूद रहे।

इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों से आए 100 से अधिक मास्टर बुनकरों द्वारा तैयार किए गए एथनिक और पारंपरिक सिल्क व कॉटन हैंडलूम उत्पादों का शानदार संग्रह प्रदर्शित किया गया है। यहां बनारसी, चंदेरी, कांजीवरम और टसर सिल्क जैसे पारंपरिक वस्त्रों के साथ आधुनिक डिजाइन के आकर्षक परिधान भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा कश्मीरी प्योर क्रेप की साड़ियां, प्योर सिल्क मार्क अप्रूव्ड साड़ियां तथा कई विशेष हैंडलूम उत्पाद भी प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं।

प्रदर्शनी में आए आगंतुकों ने यहां उपलब्ध वस्त्रों की गुणवत्ता, डिजाइन और विविधता की सराहना की। पारंपरिक शिल्प और आधुनिक फैशन का सुंदर संगम इस प्रदर्शनी में देखने को मिल रहा है, जो फैशन प्रेमियों और पारंपरिक परिधानों के शौकीनों को खासा आकर्षित कर रहा है। आयोजक मानस आचार्य और जावेद मकसूद ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के बुनकरों को एक मजबूत मंच प्रदान करना और लोगों को भारतीय सिल्क व हैंडलूम की समृद्ध परंपरा से रूबरू कराना है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बुनकरों को अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और भारतीय हस्तकरघा उद्योग को भी प्रोत्साहन मिलता है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रदर्शनी में आकर देश के कुशल बुनकरों के हुनर को देखें और भारतीय सिल्क व हैंडलूम उत्पादों को बढ़ावा दें। यह प्रदर्शनी आगामी दिनों तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

## बीबीएयू में स्पोर्ट्स इवेंट के समापन सत्र की हुई शुरूआत

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में स्पोर्ट्स इवेंट 2025-26 के समापन समारोह का शुभारंभ हो चुका है। यह समापन सत्र 6-13 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। खेल अनुभाग के सहायक निदेशक डॉ. (लेफ्ट.) मनोज कुमार डडवाल से मिली जानकारी के अनुसार इस समापन समारोह के तहत पहले तीन दिनों तक इंडोर खेल प्रतियोगिताओं तथा बैडमिंटन का आयोजन किया जाएगा।

इसके बाद ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। ट्रैक एंड फील्ड प्रतियोगिताओं के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर दौड़, शॉट पुट, रिले दौड़, डिस्कस थ्रो, लॉन्ग जंप तथा रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दिनांक 13 मार्च को पुरस्कृत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस स्पोर्ट्स इवेंट - 2025-26 की शुरूआत नवंबर 2025 के पहले सप्ताह में की गयी थी।

इसके अतिरिक्त डॉ. डडवाल ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है क्योंकि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ एक-दूसरे के साथ मिलकर कार्य करने और सकारात्मक सोच विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आयोजित इस खेल समापन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता की अपेक्षा की जा रही है, जिससे परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना हुआ है।

## ईरान में खामनेई की शहादत को लेकर ठाणे में केंडल मार्च

अमन लेखनी समाचार

ठाणे; ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद शहर में मौलाना अली अब्बास वफा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया जो मदरसा इमाम ए हसन अचानक नगर से शुरू होकर एमएम वैली शिया कब्रस्तान परिसर पहुंचकर एक सभा में बदल गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, और बच्चे शामिल हुए। मोमबत्तियां और तख्तियां लिए लोगों ने विरोध दर्ज कराया। इस दौरान अमेरिका और इजराइल के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मार्च के समापन पर आए हुए लोगों ने ईरान में शहीद हुए लोगो के लिए दुआ की और अमन-ओ-अमान की कामना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान मौलाना अली असगर हैदरी, मौलाना शबाब हैदर,मौलाना जेगम, मौलाना मोहसिन, मौलाना मोहम्मद अब्बास और कई उलमाओ के अलावा मुफ्ती अशरफी, एमआईएम के नगरसेवक सैफ पठान, शोएब डोंगरे, समाजसेवक युनुस खान, रिदा राशिद के साथ हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।


**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# यमी पेस्ट्री इंट्रेस्टिंग जर्नी



बच्चो, केक के छोटे भाई जैसा दिखने वाले पेस्ट्री का टेस्ट बहुत यमी लगता है न! इसीलिए तो घर या स्कूल में अपने फ्रेंड्स को कोई ट्रीट देनी हो या छोटी-सी भूख लगी हो तो सबसे पहले पेस्ट्री खाने का ही मन करता है। लेकिन क्या तुम जानते हो, इसे सबसे पहले कब, कहां बनाया गया? फिर इसमें कैसे-कैसे बदलाव हुए? जानो, पेस्ट्री की इंट्रेस्टिंग जर्नी के बारे में।

रोचक

शिखर चंद जैन

बच्चो, पेस्ट्री तो तुम अकसर खाते ही होगे। बाजार में मिलने वाली पेस्ट्रीज, केक का ही छोटा रूप होता है। तुम इसे मिनी केक या केक पीस भी कह सकते हो। तुम्हें यह जानकर हैरानी होगी कि पेस्ट्री कोई नई डिश नहीं है। दुनिया के कई देशों में सदियों से लोगों की फेवरेट डिश रही है। हालांकि पुराने दौर में इसे बनाने का तरीका और इसकी सामग्री अलग हुआ करती थी। प्राचीन मिस्त्र (अब इजिप्ट), यूनान (अब ग्रीस) और इटली के लोग भी पेस्ट्री खूब पसंद करते थे। माना जाता है कि सबसे पहले मिस्त्र के निवासियों को ही पेस्ट्री बनाने का आइडिया आया था। तब इसे 'बकलावा' या 'फिलो' कहा जाता था। उस जमाने में इसे अनाज के आटे में शहद, फल और मसाले मिलाकर बनाया जाता था।



### ऐसे बनी पहली मॉडर्न पेस्ट्री

मॉडर्न पेस्ट्री को बनाने की शुरुआत 14वीं शताब्दी के आस-पास हुई थी। उसी समय पहली बार 'कुक बुक्स' में इसकी विधि प्रकाशित हुई थी। इसके बाद से अलग-अलग ढंग की पेस्ट्री बनाने की विधि पूरे यूरोप और फिर पूरी दुनिया में फैली। इसके बाद से पेस्ट्री बनाने की विधि और इसकी सामग्रियों में बदलाव किए जाते रहे।

### बहुत बदल गई पेस्ट्री

पिछली कुछ सदियों में पेस्ट्री के रूप-रंग और इसके टेस्ट में बहुत बदलाव आया है। शुरुआत से लेकर आज तक, पेस्ट्री बनाने की कला में बहुत विकास हुआ है। अब तो नई विधि, अनेक प्रकार की सामग्रियों और आधुनिक उपकरणों की सहायता से एक से बढ़कर एक अट्रैक्टिव शेप-कलर और टेस्टी पेस्ट्री बनाई जाने लगी हैं।

### बिना चीनी के बनती थी पेस्ट्री

बच्चो, पेस्ट्री में अगर मिठास न हो, तो यह एकदम फीकी लगेगी न! लेकिन तुमको जानकर अचरज होगा कि पुराने समय में बनने वाली पेस्ट्री, आज की तरह मीठी नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब इसमें सफेद चीनी का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं किया जाता था। उस समय लोग आमतौर पर शहद या फलों से प्राप्त होने वाली मिठास (जैसे अंगूर से बनने वाली शक्कर आदि) का इस्तेमाल पेस्ट्री को मीठा बनाने के लिए करते थे।





### स्वाद में हुए कई बदलाव

मध्य युग के दौरान अरब देश के वासियों के साथ शेष विश्व का संपर्क शुरू हुआ। इसका प्रभाव उनकी जीवनशैली और खान-पान में भी दिखने लगा। कई व्यंजनों में नई तरह की सामग्रियों को शामिल किया जाने लगा। पेस्ट्री भी इससे अछूती नहीं रही। आज पेस्ट्री बनाने में केसर, अदरक, लौंग जैसे मसाले और बादाम, पाइन नट जैसे मेवे इस्तेमाल किए जाते हैं, यह अरब वासियों की ही देन है।

### तरह-तरह की पेस्ट्री

आज दुनिया भर में पेस्ट्री कई तरह से बनाई जाती है। कुछ बेकर्स, पेस्ट्री में पनीर और मीट भरते हैं। कुछ मेकर्स पेस्ट्री को फलों के पेस्ट से कवर कर देते हैं। भूमध्यसागरीय क्षेत्र के देशों से लेकर यूरोपीय, एशियाई, दक्षिण अमेरिकी देशों में भी पेस्ट्री की ढेरों वैरायटीज मिलती हैं। प्राचीन मिस्त्रवासी साधारण शहद से बनी पेस्ट्री को खाते थे। क्रोइसेंट, डेनिश और स्ट्रूडल जैसी पफ पेस्ट्रीज को सॉफ्ट बनाने के लिए आटे की कागज जैसी पतली परतों का उपयोग किया जाता है, फिर इसे स्टीम में पकाया जाता है। क्रोइसेंट पेस्ट्री मूलतः ऑस्ट्रिया में बनाई गई, जो बाद में फ्रांस पहुंची और वहां आज भी खूब पसंद की जाती है। डेनिश पेस्ट्री वास्तव में एक फ्रांसीसी आविष्कार है, जो अब दुनिया के कई देशों में बनाई जाने लगी है। *



### दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री

दुनिया की सबसे बड़ी पेस्ट्री स्पेन की मंटेकाडोस ला मुराला बेकरी कंपनी द्वारा वर्ष 2013 में बनाई गई थी। यह पेस्ट्री 16.25 फीट लंबी, 7.87 फीट चौड़ी थी और इसका वजन 660 पाउंड था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में इसका नाम दर्ज है। पेस्ट्री की एक साथ सबसे अधिक संख्या में सर्विस किए जाने का रिकॉर्ड हंगरी देश के बुडापेस्ट में एक कार्यक्रम के दौरान हासिल किया गया था। वहां गेस्ट्स को 10,000 से अधिक पेस्ट्री परोसी गई थीं।

जानकारी / नयनतारा



# 12 राज्यों से होकर गुजरती है हिमसागर एक्सप्रेस

बच्चो, तुम सभी ने कभी न कभी ट्रेन की जर्नी जरूर की होगी। लंबी जर्नी के दौरान ट्रेन कई स्टेशनों, शहरों और कई बार तो कई राज्यों से होकर गुजरती है। जानो एक ऐसी ट्रेन के बारे में, जो भारत के सबसे अधिक राज्यों से होकर गुजरती है।



बच्चो, भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यूएसए, चीन और रूस ही रेलवे नेटवर्क के मामले में भारत से आगे हैं। भारत में कुल 22,593 ट्रेन हैं, जिनमें से 13,000 से अधिक यात्री ट्रेन हैं, जो रोजाना चलती हैं। कई सारी ऐसी ट्रेनें भी अपने देश में चलती हैं, जो कुछ खास विशेषताओं के कारण प्रसिद्ध हैं। ऐसी ही एक ट्रेन है हिमसागर एक्सप्रेस।

**गुजरती है 12 राज्यों से:** हिमसागर एक्सप्रेस भारत की एक ऐसी ट्रेन है, जो 12 राज्यों से होकर गुजरती है। यह एक साप्ताहिक ट्रेन है, जो जम्मू-कश्मीर के श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से रवाना होकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक पहुंचती है। इस दौरान यह ट्रेन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु, इन 12 राज्यों से होकर गुजरती है और 66 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर रुकती है। लगभग 73 घंटे में यह ट्रेन 3,791 किमी की दूरी तय करती है।

**नहीं तय करती है सबसे लंबी दूरी:** बच्चो, हिमसागर एक्सप्रेस के बारे में पढ़कर तुम्हें लग रहा होगा कि यह भारत में सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन होगी! लेकिन ऐसा नहीं है। हिमसागर एक्सप्रेस देश की तीसरी और दुनिया की 35वीं सबसे अधिक दूरी तय करने वाली ट्रेन है। भारत की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली यात्री ट्रेन विवेक एक्सप्रेस है, जो डिब्रूगढ़ (असम) से कन्याकुमारी के बीच कुल 4153 किमी. का सफर तय करती है। यह ट्रेन 9 राज्यों से होकर गुजरती है। इस तरह अधिक दूरी तय करने के बावजूद विवेक एक्सप्रेस, हिमसागर एक्सप्रेस से कम राज्यों से होकर गुजरती है।

कभी तुम्हें मौका मिले तो अपने पैरेंट्स के साथ इस ट्रेन में सफर करना। यह अमेजिंग जर्नी तुम कभी नहीं भूल पाओगे। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## आओ घूमें गोल-गोल

धरती घूमे गोल-गोल  
चंदा घूमे गोल-गोल।  
आओ बच्चों सब मिलकर  
हम भी घूमें गोल-गोल।  
हम जो घूमें गोल-गोल  
सर भी घूमा गोल-गोल।  
संभलो-संभलो देखो तो  
हुए-हुए हम रोल-पोल।

चक्कर खाके गोल-गोल।  
छोटू-मुन्नू गोल-मोल।  
हंसते-हंसते बोले फिर,  
घूमेंगे हम गोल-गोल।  
धरती घूमे गोल-गोल  
चंदा घूमे गोल-गोल।  
कभी न गिरते वे देखो  
ऐसे घूमें गोल-गोल।



## जीके क्विज-195

1. हाल ही मे केरल राज्य का नाम बदलकर किस नाम का प्रस्ताव किया गया है?
2. हाल ही मे किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी को यूनाइटेड नेशंस ने 'रोड सेफ्टी के लिए ग्लोबल चैंपियन' चुना है?
3. हाल ही में नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री कौन बने हैं?
4. विश्व गौरैया दिवस कब मनाते है?
5. हवाई जहाज के ब्लैक बॉक्स का रंग कैसा होता है?
6. पौधे वायुमडल से कौन सी गैस अवशोषित करते है?
7. मानव शरीर मे खून साफ करने का काम किस अंग का है?
8. उड़ने वाले गुब्बारे में कौन सी गैस भरी जाती है?
9. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
10. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?



**बच्चो, जीके क्विज-195 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।**

**जीके क्विज-194 का उत्तर :** 1.चैत्र, 2.राशिद खान, 3.22 मार्च, 4.ओडिशा, 5.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, 6.जमशेदपुर, 7.तांबा और टिन, 8.महेश दास, 9.मत्स्य उत्पादन, 10.हाइड्रोजन

**जीके क्विज-194 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, अनाया-ईमेल से, निखिल-सक्ती, ज्योति-बैकुंठपुर, रमेश-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सरोज-रायपुर, केशव-दुर्ग, तमन्ना-बिलासपुर, हर्षित-रोहतक, साकेत-महेंद्रगढ़



कहानी

सरस्वती रमेश

अपने नए स्मार्ट फोन के फीचर्स सीखने के लिए दादा जी बार-बार शिवम को बुलाते। इससे शिवम खीझने लगा। शिवम के पापा ने उसे दादा जी से खीझते हुए देख लिया। उन्होंने शिवम को कुछ ऐसी बात बताई, जिसके बारे में जानकर उसे अपने व्यवहार पर पछतावा हुआ। वो बात आखिर क्या थी?

# सॉरी दादा जी!



शिवम सिक्स्थ क्लास में पढ़ता है। पढ़ाई में तो वह बहुत तेज है ही, लैपटॉप और मोबाइल के ढेर सारे फीचर्स भी जानता है। हाल ही में शिवम के पापा ने उसके दादा जी को एक स्मार्ट फोन दिलाया है। मोबाइल ऑपरेट करने के बारे में कई बातें उन्हें समझा भी दी हैं। जैसे कॉल रिसीव करना, किसी को कॉल लगाना, मैसेज भेजना, फोटो खींचना, और भी बहुत कुछ। मगर दादा जी की अंगुलियां अकसर गलत एप पर टच हो जाती हैं। पापा जी और मम्मी जी तो दिन में ऑफिस चले जाते हैं। फिर दाद जी की मुश्किल कैसे हल हो? दादा जी आवाज लगाते, 'बेटा शिवम, जरा देखना तो यह क्या हो गया मेरे फोन में?'

'जी दादा जी, अभी देखता हूं।' शिवम पलक झपकते ही दादाजी की प्रॉब्लम सॉल्व करते हुए कहता, 'क्या दादा जी आपको इतना भी नहीं पता?'

कभी-कभी दादा जी शिवम की बातों पर झेंप जाते। लेकिन फिर सोचते, 'ठीक ही तो कह रहा है। सिर्फ अंगुली ही तो टीपनी, सरकानी है। वो भी मुझे नहीं समझ आता है।'

एक दिन दादा जी मोबाइल में कुछ देख रहे थे। अचानक उन्हें याद आया, आज तो बीस जनवरी है। मुनमुन का जन्मदिन! मुनमुन उनकी बेटी हैं। वह लखनऊ में रहती हैं। उन्होंने सोचा क्यों न उसे वीडियो कॉल करके जन्मदिन की बधाई दे दी जाए। दादा जी ने बड़े उत्साह से फोन उठाया। स्क्रीन का लॉक खोला। मगर ये क्या क्लिक हो गया। स्क्रीन पर एक रोबोटनुमा आदमी का वीडियो सामने आया। वह बंदूक से ताबड़तोड़ फायर करने लगा। फायरिंग की आवाज इतनी तेज थी कि वे घबराने लगे। उन्होंने फौरन शिवम को आवाज लगाई। शिवम दौड़ता हुआ आया और मोबाइल की तरफ देखते हुए बोला, 'अरे दादा जी, आपने वीडियो गेम ऑन कर दिया है। हमेशा गलत आइकन टच कर देते हैं। फिर मुझे बुलाते हैं।' शिवम की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। असल में उसे दादा जी को बार-बार एक ही चीज समझाने का मन नहीं करता था।

'बेटा, मैं तुम्हारी बुआ को वीडियो कॉल कर रहा था।' दादा जी ने सकुचाते हुए कहा।

शिवम ने एक सेकेंड में बुआजी को वीडियो कॉल लगाकर दादाजी को फोन पकड़ा दिया। मगर उसकी बातों और उसके व्यवहार से दादा जी का बात करने का सारा उत्साह ठंडा हो गया था।

शिवम दादा जी को फोन पकड़ा कर अपने कमरे में चला गया। तभी दादाजी की नजर गेट पर खड़े शिवम के पापा पर पड़ी। असल में शिवम के पापा ने दोनों के बीच हुई सारी बातें सुन ली थीं। वे सीधे शिवम के कमरे में पहुंच गए। अलमारी से कुछ पेपर्स निकाले, फिर शिवम को दिखाने लगे, 'जब तुम छोटे थे तब तुम्हारी मांसपेशियों में कमजोरी बहुत थी। तुम ठीक समय पर चल नहीं सके थे। तब डॉक्टर ने तुम्हारे पैरों की रोज मालिश और चलने की प्रैक्टिस करने की सलाह दी। मुझे और तुम्हारी मम्मी को तो ऑफिस के काम से फुर्सत ही नहीं मिलती थी। तब तुम्हारे दादा जी ही रेग्युलर तुम्हारे पैरों की मालिश करते थे। तुम्हें घंटों अंगुली पकड़कर चलना सिखाते थे। कमजोर होने के कारण तुम बहुत जल्दी थक जाते थे। इसलिए दादा जी रुक-रुक कर पूरे धैर्य से तुम्हारे साथ लगे रहते थे। सोचो, अगर तुम्हारे गिरने या रुकने से दादा जी भी उसी तरह खीझ जाते, जिस तरह तुम उन्हें मोबाइल के फीचर्स बताते हुए खीझते हो, तो तुम आज कैसे अपने पैरों पर खड़े हो पाते?'

पापा की बात सुनकर शिवम को धक्का लगा। उसे अब अपनी गलती का एहसास हुआ, वह उदास स्वर में बोला, 'सॉरी पापा जी, मुझे दादा जी से इस तरह नहीं बात करनी चाहिए थी।'

'सॉरी मुझे नहीं दादा जी को बोलो' पापा ने कहा।

शिवम फौरन दादा जी के पास दौड़ते हुए पहुंचा और बोला, 'सॉरी दादाजी। आज से आप चाहे जितनी बार मुझे बुला लेना। मैं खुशी से आपको मोबाइल चलाना सिखाऊंगा।'

दादा जी को शिवम के बदले बर्ताव की वजह समझते देर न लगी। उन्होंने फौरन शिवम को अपने गले लगा लिया। *

कविता

राजा चौरसिया



## हाथी और मच्छर

पप्पू बोला-बड़े ध्यान से  
अपने दोनों कान लगाना।  
ये है मच्छर वो है हाथी  
अंतर मुझको अभी बताना।  
डील-डौल की बात छोड़कर  
अंतर कोई और बताओ।  
अपनी आज अकल का घोड़ा  
जितना दौड़ सके दौड़ाओ।  
मुन्नू बोला हाथी, मच्छर  
में यह अंतर मेरे साथी।  
हाथी को मच्छर काटे पर  
मच्छर को ना काटे हाथी।

## परछाई पहचानो

बच्चो, यहां बाईं तरफ एक बियर (भालू) का चित्र दिया गया है। चित्र के दाईं तरफ कुछ परछाइयां भी दी गई है। ध्यान से देखकर बताओ, दिए गए चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में एक डकलिंग (बतख का बच्चा) अपनी मां से बिछड़ गया है। तुम उसे उसकी मां और भाई-बहनों तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ तो जरा।

